हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर, सोमवार,13 अक्टूबर 2025
नगर संस्करण
वर्ष: 02,अंक:141

**सुविचार**

तपस्या धर्म का पहला और आखिरी कदम है ।
महात्मा गांधी



बिहार में एनडीए ने किया सीट शेयरिंग का ऐलान

## भाजपा 101, जेडीयू- 101, चिराग को 29, उपेंद्र कुशवाहा-मांझी को 6-6 सीटें

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर NDA ने रविवार को सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं जदयू 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। जबकि चिराग पासवान की पार्टी LJP (R) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (HAM) को 6 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी RLM को 6 सीटें दी गई हैं।

सीट शेयरिंग के बाद NDA ने कल यानी सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। सीट शेयरिंग में चिराग की जिद के आगे से पहले 40 सीटों की डिमांड करने वाले जीतन राम मांझी ने 6 सीटें मिलने पर कहा- मैं संतुष्ट हूं। हालांकि इसके बाद मांझी ने तीखे तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा, आलाकमान ने जो फैसला लिया है वो स्वीकार है। हमें सिर्फ 6 सीट देकर उन्होंने हमारी अहमियत कम आंकी है। इसका असर NDA पर पड़ सकता है। मांझी की पार्टी ने 4 सीटों पर कैंडिडेट्स का भी ऐलान कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इमामगंज से दीपा मांझी, बराचट्टी से ज्योति देवी, टेकारी से अनिल कुमार और सिकंदरा से प्रफुल्ल कुमार मांझी को टिकट दिया गया है।

**बीजेपी-जदयू अब बराबर के भाई** :2005 से लेकर पिछले विधानसभा चुनाव तक JDU ने हमेशा बीजेपी से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा है। JD पिछले 4 चुनाव में हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रहता था। 2020 में ही जदयू 115 और बीजेपी 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन 2025 विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर लड़ेंगी। अब दोनों बराबर वाले भाई हो गए हैं।

**चिराग पासवान के खाते की 29 सीटें**-चिराग पासवान बखरी, साहिबपुर कमाल, तारापुर, रोसड़ा, राजा पाकड़, लालगंज, हायघाट, गायघाट, एकमा, मढ़ौरा, अगिआंव, ओबरा, अरवल, गया, हिसुआ, फतुहा, दानापुर, ब्रह्मपुर, राजगीर, कदवा, सोनबरसा, बलीरामपुर, हिसुआ, गोविंदपुर, सिमरी बख्तियारपुर, मखदूमपुर, कसबा, सुगौली, मोरवा से चुनाव लड़ेंगे।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- हम NDA के ऐलान का इंतजार कर रहे थे**- महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि, हम NDA की सीट शेयरिंग की घोषणा का इंतजार कर रहे थे उसी हिसाब से हमारा काम होगा। हम दिल्ली जा रहे हैं। सीटों की घोषणा के लिए राहुल गांधी और खड़गे जी के साथ जॉइंट मीटिंग है।

## चिदंबरम बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था,ये केवल इंदिरा गांधी का फैसला नहीं था

### उन्होंने इसकी कीमत जान देकर चुकाई

**कसौली,एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा, जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। हालांकि, यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। इसमें आर्मी, पुलिस, इंटेलिजेंस और प्रशासनिक अफसर भी शामिल थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार बड़ा बयान आया है। इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुई, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

**खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल हुए थे**



**चिदंबरम :** इंडिया एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, चिदंबरम शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली पहुंचे थे। यहां 'खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल' में पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब They Will Shoot You, Madam की चर्चा में शामिल हुए। बावेजा के कमेंट- इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के अपने फैसले की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

**चिदंबरम बोले- पंजाब की असली समस्या उसकी आर्थिक स्थिति :** चिदंबरम ने बुक की चर्चा के दौरान कहा कि मेरे पंजाब दौरों के दौरान मुझे महसूस हुआ कि खालिस्तान या अलगाव की राजनीतिक मांग अब लगभग खत्म हो चुकी है। आज की मुख्य समस्या आर्थिक है सबसे अधिक अवैध प्रवासी पंजाब से ही हैं।

### ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए इंदिरा गांधी को दोष मुक्त नहीं किया जा सकता : सिरसा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रविवार को एक्स पर वीडियो पोस्ट करके कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दोष मुक्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सिखों के पवित्र स्थान पर तोप के गोलों से हमला कराया था। सिख समुदाय उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि जब पी चिदंबरम जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यह स्वीकार करते हैं कि ऑपरेशन ब्लू स्टार श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में प्रवेश करने का एक गलत रास्ता था, तो यह कांग्रेस की उस ऐतिहासिक भूल को उजागर करता है जिसने सिख समुदाय को गहरा आघात पहुंचाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी से दोष हटाने का पी चिदंबरम का प्रयास अस्वीकार्य है। मंत्री सिरसा ने कहा कि सिखों के सबसे पवित्र धर्मस्थल स्वर्ण मंदिर को अपवित्र करने का आदेश देने की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी किसी और की नहीं, बल्कि उस समय के राजनीतिक नेतृत्व की है। उन्होंने कहा कि न्याय अर्धसत्य या चुनिंदा अपराधबोध से नहीं मिलता। आदेश देने वालों को दोषमुक्त करने के लिए इतिहास को दोबारा नहीं लिखा जा सकता।

### ट्रम्प की मौजूदगी में होगी इजराइली बंधकों की रिहाई,मिस्र में 20 से ज्यादा देशों के नेता जुटेंगे ; हमास का शामिल होने से इनकार

**वॉशिंगटन,एजेंसी।** गाजा सीजफायर समझौते के पहले चरण के तहत 48 बंधकों की रिहाई सोमवार सुबह से शुरू हो सकती है, जिनमें से 20 जीवित व्यक्ति और 28 शव सौंपे जाएंगे। इजराइली सेना ने शुक्रवार दोपहर तक गाजा से अपनी प्रारंभिक वापसी पूरी कर ली, जिसके बाद हमास को 72 घंटे का समय दिया गया है। वहीं, सोमवार को मिस्र में गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा होगी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित 20 से अधिक विश्व नेता भाग लेंगे। दूसरी ओर, हमास ने मिस्र में सोमवार को होने वाले गाजा पीस समिट के आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह (दूसरा चरण) में शामिल होने से इनकार कर दिया है। संगठन के वरिष्ठ नेता होस्साम बडरान ने कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की योजना के कुछ हिस्सों से असहमत हैं।



## नक्सलियों ने एयरटेल टावर को फूंका, दहशत

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में एक बार फिर नक्सलियों का आतंक लौट आया है। प्रतिरोध सप्ताह के दौरान शनिवार रात नक्सलियों ने जराईकेला थाना क्षेत्र के कोलबोंगा गांव में स्थित एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर को निशाना बनाते हुए आग के हवाले कर दिया।



स्थानीय लोग के अनुसार करीब बीस की संख्या में हथियारबंद नक्सली देर रात गांव पहुंचे और टावर के नीचे लगे उपकरणों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। देखते ही देखते पूरा सेटअप जलकर राख हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने जमकर नारेबाजी की और इलाके में अपनी मौजूदगी का संदेश देने की कोशिश की।

ग्रामीणों का कहना है कि नक्सली इस हमले के जरिए संचार व्यवस्था को ठप करना चाहते हैं, ताकि सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी बाहर न जा सके। घटना के बाद से कोलबोंगा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। एसपी अमित रेणु ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि 8 से 14 अक्टूबर तक नक्सलियों द्वारा घोषित प्रतिरोध सप्ताह के दौरान यह उनकी सबसे बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले भी सारंडा क्षेत्र में नक्सल गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में नक्सलियों ने तीन अलग-अलग जगहों पर आईईडी विस्फोट कर सुरक्षाबलों को निशाना बनाया था। उस हमले में एक जवान बलिदान हो गया था, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है।

डोबो पुल से हवाई फायरिंग के आरोपी आशीष सिंह राजपूत गिरफ्तार

### धनबाद पुलिस ने जमशेदपुर में दबिश देकर की कार्रवाई, भाजपा कार्यक्रम स्थल पर मचा हड़कंप

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर ।** रविवार को धनबाद पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए जमशेदपुर के डोबो पुल के पास कदमा निवासी आशीष सिंह राजपूत को हिरासत में ले लिया। आशीष पर कुछ दिनों पूर्व धनबाद में हवाई फायरिंग करने का आरोप है, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। सूत्रों के अनुसार, रविवार को डोबो पुल पर भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के स्वागत कार्यक्रम के दौरान धनबाद पुलिस सिविल ड्रेस में मौजूद थी। जैसे ही आशीष सिंह की मौजूदगी की पुष्टि हुई, पुलिस ने अचानक दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि आशीष के समर्थकों ने भाजपा नेता हरजीत उर्फ चिंटू सिंह पर हमला कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई और लात-घूंसे चलने लगे। इस दौरान कुछ देर के लिए कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। सूत्रों के मुताबिक, आशीष सिंह राजपूत के साथ चार से पांच अन्य युवक भी धनबाद की हवाई फायरिंग की घटना में शामिल थे। पुलिस अब उन आरोपितों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। फिलहाल धनबाद पुलिस आशीष से पूछताछ कर रही है और उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।





## स्वदेशी अपनाना सिर्फ वस्तुओं का चयन नहीं, देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है: राज्यपाल

### स्वदेशी मैराथन में दौड़ी रांची, युवाओं ने दिया आत्मनिर्भर भारत का संदेश

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**रांची।** रांची का मोरहाबादी मैदान रविवार को जोश, उमंग और देशभक्ति से सराबोर नजर आया। यहां स्वदेशी मैराथन-2025 का आयोजन किया गया, जिसका थीम स्वदेशी अपनाओ,आत्मनिर्भर भारत बनाओ था। इस आयोजन में हजारों युवक-युवतियों, स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थियों सहित आम लोगों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। इस दौरान पूरा मोहराबादी मैदीन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। युवाओं ने मैराथन में दौड़कर आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है। इस जन-जागरूकता अभियान के आयोजन के लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को हार्दिक बधाई तथा सभी प्रतिभागियों को अनंत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी का यह आह्वान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उस विचार को आत्मसात करने का संदेश देता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वदेशी अपनाना केवल वस्तु का चयन नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल का आह्वान करते हैं। उनका यह संदेश है कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देते हैं, तो हम केवल किसी उत्पाद का नहीं, बल्कि अपने देश के श्रम, कौशल और सम्मान का समर्थन करते हैं। उन्होंने नागरिकों से वोकल फॉर लोकल के संदेश को जीवन का हिस्सा बनाने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी अपनाना है और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है, यही विकसित भारत 2047 का मार्ग है। यह मैराथन भी उसी भावना का जीवंत प्रतीक है, जहां हर कदम स्वदेशी, स्वास्थ्य और स्वाभिमान की दिशा में बढ़ रहा है। उन्हें यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि यहां के लोग इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने, स्वावलंबी बनने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ इस अवसर पर कहा कि आज का युवा भारत के भविष्य की रीढ़ है, यदि वह स्वदेशी उत्पादों का उपयोग और प्रचार करेगा, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल किया जा सकेगा।

## बंगाल मेडिकल स्टूडेंट गैंगरेप केस 3 आरोपी गिरफ्तार,2 फरार

**● पीड़ित का दोस्त भी हिरासत में ; मोबाइल टावर लोकेशन से चला रेपिस्ट्स का पता**

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। टावर लोकेशन से आरोपियों की जानकारी मिली। पुलिस के मुताबिक, घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया। इस दौरान उसका दोस्त वहां से भाग गया था। पुलिस ने बताया, पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और एमबीबीएस 2nd ईयर की स्टूडेंट है। डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुर्गापुर SDO रंजना रॉय ने पीड़ित से मुलाकात की।




### दुर्गापुर गैंगरेप मामले में ममता का अजीबोगरीब बयान

### कहा-दूसरे राज्यों से आई लड़कियों को देर रात बाहर नहीं जाना चाहिए



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ओडिशा की मेडिकल छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अजीबोगरीब बयान दिया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन को चुस्त करने के बजाय उन्होंने नसीहत दी है कि दूसरे राज्यों से बंगाल आई लड़कियों को रात के समय बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं, खासकर राज्य के बाहर से आने वाली लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए और हॉस्टल के नियमों का पालन करना चाहिए। विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं। ममता बनर्जी ने रविवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए कहा, यह एक चौंकाने वाली घटना है। हमारी सरकार का ऐसे अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता का रुख है। तीन आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं और बाकी की तलाश जारी है। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्राएं हॉस्टल में रहती हैं, खासकर जो बंगाल के बाहर से पढ़ने आई हैं, उन्हें हॉस्टल के नियमों का पालन करना चाहिए।




# कबाड़ में जुगाड़, दिमाग में इनोवेशन यही है नन्हें आविष्कारक आरव की पहचान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सबों को कबाड़ में समस्या दिखती है, आरव को कबाड़ में सम्भावना दिखती है: शिक्षिका शिखा रवि**

**हर बच्चा एक खोजकर्ता है, लेकिन आरव में अद्भुत क्षमता है। कबाड़ में भी क्रिएटिविटी खोज लेता है : प्रिंसिपल मिली सिन्हा**





कहते हैं, कल्पना अगर सच्ची हो तो कबाड़ भी खजाना बन जाता है। यही साबित कर रहा है जुस्को स्कूल, साउथ पार्क, जमशेदपुर के कक्षा 7 (डी) का होनहार छात्र आरव अनुराग, जो घर के पुराने सामानों में भविष्य की तकनीक ढूंढ़ निकालता है। इसने अपनी अनोखी क्रियेटिविटी से स्कूल के शिक्षकों को हैरत में डाल दिया है। कबाड़ के सामान और घर में उपलब्ध पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से वह ऐसे-ऐसे छोटे आविष्कार कर लेता है जो किसी टेक्नोलॉजी मेले को भी मात दे दें। पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान और घर के कबाड़ से आरव ने स्वचालित कार, रिमोट कार, मिनियेचर क्रेन, सोलर फेन, टेबल लैंप, ब्लूटुथ स्पीकर आदि बनाकर स्कूल में डेमो दे चुका है। उसकी क्लास टीचर शिखा रवि बताती है कि ह्लकिसी को कबाड़ में संभावना दिखती है, किसी को समस्या लेकिन आरव में सीखने और बनाने की इतनी ललक है कि वह कबाड़ में भी संभावनाएं खोज निकालता है। उसके बनाए मॉडल और क्रिएटिव इनोवेशन उसकी कल्पनाशक्ति के जीते-जागते उदाहरण हैं। उसका आत्मविश्वास उसे अलग बनाता है ₹

स्कूल की प्रिसिंपल मिली सिन्हा भी आरव के डेमो देखकर उत्साहित है, कहती हैं कि हर बच्चा एक खोजकर्ता है लेकिन आरव में सीखने और खोजने की अद्भुत क्षमता है। वह कबाड़ में भी क्रिएटिविटी देख लेता है। आरव की यह सोच और मेहनत न सिर्फ उसके सहपाठियों को प्रेरित कर रही है, बल्कि स्कूल प्रबंधन को भी इस दिशा में एक विशेष नीति बनाने के लिए प्रेरित कर रही है ताकि हर बच्चे की रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिल सके।

वहीं आरव बताता है, ह्लमुझे चीजों को खोलना और समझना अच्छा लगता है। जब कुछ खराब हो जाता है, मैं उसे फेंकने की बजाय नया रूप देने की कोशिश करता हूँ।

आरव अनुराग की कहानी सिर्फ एक बच्चे की नहीं, बल्कि उस नई पीढ़ी की है जो सीमित साधनों में भी अनंत संभावनाएं खोज रही है। अगर हर स्कूल ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें मंच दे, तो भारत के हर कोने से एक ह्यछोटा वैज्ञानिकह्न जरूर निकलेगा।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत जामताड़ा में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्र संवाद सं



**जामताड़ाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सांसद खेल महोत्सव के तहत आज जामताड़ा जिले के डीएनए अकादमी में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के कई प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएनए अकादमी के संरक्षक प्रदीप कुमार भैया ने किया।

चेस एसोसिएशन के जिला सचिव सुमित शरण ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया और खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर में युवाओं को खेल प्रतिभा दिखाने का मंच दिया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण से लेकर लोकसभा स्तर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

दुमका लोकसभा क्षेत्र में राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा के मार्गदर्शन में यह आयोजन कराया जा रहा है।

जामताड़ा के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से डीएनए अकादमी में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर प्रदीप कुमार भैया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डीएनए अकादमी सदैव विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के विकास हेतु कार्यरत रही है। कार्यक्रम में मृदुल कुमार सिंह, विशाल कुमार मिंज, विक्रम कुमार, कुमार सौरभ, भास्कर चांद, दीपक दुबे, राहुल सिंह, रौनक राज और सोमनाथ की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

## दीपावली ट्रेड फेयर सफलता के साथ संपन्न, महिला उद्यमिता को मिला नया मंच

राष्ट्र संवाद संवाददाता




सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में आयोजित दीपावली ट्रेड फेयर सफलता के साथ संपन्न हुआ। महिला उद्यमिता प्रोत्साहन और वोकल फॉर लोकल अभियान को समर्पित इस मेले में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक खरीदारी की।

समापन अवसर पर अतिथि के रूप में श्रीमती मीरा मुंडा, श्रीमती सुधा गुप्ता, समाजसेवी श्री रमेश अग्रवाल एवं श्रीमती कुमुद अग्रवाल ने उपस्थिति दर्ज कर स्टॉलधारकों का उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतिभागियों को चैंबर की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

चैंबर अध्यक्ष मानव केडिया ने कहा कि संस्था निरंतर महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। उपाध्यक्ष अनिल मोदी ने बताया कि मेले ने कई महिलाओं को व्यावसायिक पहचान दी है। सचिव भारत मकानी ने मेले को मिले शानदार जनसमर्थन पर आभार व्यक्त किया।

आयोजन में सुमन नागलिया एवं दीपक चेतानी सहित चैंबर के सभी पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। समापन पर सभी ने स्वदेशी अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

# टंडवा क्षेत्रों में पंचायत भवन और आंगनबाड़ी भवनों मरम्मत कार्य में रंग-रोगन कर बिल निकालने का गंभीर आरोप

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**संबंधित विभाग के जेई और टीकेदारो के मिली भगत से दर्जनों भवनों में बेगैर नया समान लगाए लाखों का बिल पास कर निकालने का आरोप**



**चतराः** चतरा जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्रों के पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र भवन के मरम्मत कार्य में अनियमितता का गंभीर आरोप लगा है। बताया गया लाखों के लागत से पंचायत भवन का मरम्मत किया गया। जिसमें ठेकेदार और विभाग जेई के मिली भगत से भवन को रंग-रोगन कर के बिल निकाला गया हैं। लोगों ने बताया आंगनबाड़ी और पंचायत भवन पूर्व से लगे सामान जैसे सीलिंग फैन कुर्सी गेट दरवाजा को दिखाकर भी बिल निकाला गया है। वही पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत स्थित पोकला गांव के आंगनबाड़ी केंद्र भवन के मरम्मत कार्य में अनियमितता का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मरम्मत कार्य के बाद ही प्लास्टर गिरने लगा है और छत से पानी टपक रहा है। बाहर से रंग-रोगन करके भवन नया करके बिल निकाल लिया गया है। वही टंडवा प्रखंड क्षेत्रों के पंचायत भवनों मरम्मत कार्य में रंग-रोगन कर संबंधित विभाग के जेई और ठीकेदारो के मिली भगत से बेगैर नया समान लगाए लाखों का बिल पास कर निकालने का दावा किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है की पंचायत भवन मरम्मत कार्य में उच्च स्तरीय जांच में ठेकेदारों से बड़ा राशि रिकवर होना तय है। स्थानीय लोगो ने बताया कि भवन का गेट ग्रिल में जैसे तैसे पेंट और प्लास्टर का काम करवाया गया था। कार्य पूरा होने के बाद ही प्लास्टर ढहने लगा है। भवन का रंग-रोगन भी ठीक से नहीं टिक पाया है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में मुखिया से शिकायत कर-के कार्रवाई की मांग किया है। वही मामले में मुखिया सरिता देवी ने कही की भवन मरम्मत कार्य में अनियमितता की गई है। जिसकी लिखित शिकायत चतरा उपायुक्त से की गई है और जांच करके कार्रवाई की मांग की गई है।

# सरकार आलिम-फाज़िल की परीक्षा कॉलेज व यूनिवर्सिटी स्तर से ले पसमांदा नेता की मांग

राष्ट्र संवाद सं

**उर्दू पर सियासत करने वालों को मौलाना रकीब की नसीहत।**



**जामताड़ा** झारखंड के प्रमुख पसमांदा नेता मौलाना रकीब अंसारी ने कहा है कि राज्य सरकार को चाहिए कि आलिम और फाज़िल की परीक्षा कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी स्तर से ली जाए, ताकि मदरसा तालीम को मजबूती मिल सके और छात्रों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने का रास्ता आसान बने। उन्होंने कहा कि मदरसों में चलने वाली वस्तानिया, फोकानिया और मौलवी परीक्षाओं के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा निर्धारित किताबें जारी की जानी चाहिए। मान्यता प्राप्त मदरसों और स्कूलों में वे किताबें समय पर पहुँचें, इसके लिए सरकार को ठोस व्यवस्था करनी चाहिए। मौलाना ने अफसोस जताया कि आज एक अजीब विडंबना सामने है जो लोग उर्दू शिक्षक बनने की प्रक्रिया में काउंसलिंग से छूट गए, वही लोग आज उर्दू बचाओ के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आलिम और फाज़िल डिग्री की मान्यता का सवाल केवल डिग्री का नहीं, बल्कि काबिलियत और ईमानदारी का भी है।मौलाना अंसारी के मुताबिक, बहुत से लोग जो इस मुद्दे पर शोर मचा रहे हैं, उन्होंने शायद कभी वस्तानिया से फाज़िल तक की किताबें ढंग से न पढ़ी हैं, न देखी हैं। पाठ्यक्रम क्या है, कौन-सी किताब किस जमात में पढ़ाई जाती है, और उर्दू तालीम का असली मकसद क्या है यह जानना तो दूर, कई लोगों को उर्दू में सही तरह से बोलना या लिखना भी नहीं आता, मौलाना ने आगे कहा कि जब ऐसे लोग उर्दू के नाम पर नेताओं से मुलाकातें करते हैं और राजनीति करने लगते हैं, तो वे उर्दू की सेवा नहीं बल्कि उसकी साख को नुकसान पहुँचा रहे होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी जबान की हिफाजत नारों या फोटो सेशन से नहीं, बल्कि इल्म, ईमानदारी और अदब की समझ से होती है। उर्दू वह जबान है जिसने हिंदुस्तान की तहजीब और मोहब्बत को जोड़ा है। इसे बचाने का हक उन्हीं को है जो इसे दिल से जानते और समझते हैं, मौलाना रकीब अंसारी ने यह भी कहा कि डिग्री हासिल कर लेना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन अगर उस डिग्री के पीछे का इल्म अधूरा रह जाए, तो वह सिर्फ. एक कागज का टुकड़ा रह जाता है। अब वक़्त आ गया है कि हम डिग्री बचाओ से आगे बढ़कर उर्दू पढ़ाओ, समझाओ और निभाओ की ओर कदम बढ़ाएँ, वरना उर्दू का दर्द सिर्फ. यादों और नारों में रह जाएगा।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल देने हेतु जामताड़ा में भाजपा का विधानसभा सम्मेलन 13 अक्टूबर को

राष्ट्र संवाद सं



**जामताड़ाः** भारतीय जनता पार्टी जामताड़ा जिला अध्यक्ष सुमित शरण ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर को जामताड़ा जिला कार्यालय प्रांगण में विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आत्मनिर्भर भारत की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाना है।

सम्मेलन में केंद्र सरकार की मंत्री अन्नपूर्णा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। उनके साथ टुंडी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे विकास महतो भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता और भाजपा समर्थक एकत्र होकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का संदेश देंगे।

सुमित शरण ने बताया कि इस सम्मेलन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन हमेशा राष्ट्रहित और जनकल्याण के कार्यों के लिए समर्पित रहा है। सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं और कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है।

# टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क, जमशेदपुर में वाइल्डलाइफ वीक समारोह 2025 का समापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

वाइल्डलाइफ वीक सेलिब्रेशन 2025 का समापन समारोह आज जमशेदपुर के टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में स्कूली बच्चों के लिए ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ हुआ।

इस वर्ष का समारोह जमशेदपुर फॉरेस्ट डिवीजन और टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। सप्ताहभर का कार्यक्रम 3 अक्टूबर को ह्लवॉक फॉर गजराजह्न वॉक अ थॉन के साथ शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ सबा आलम अंसारी, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, जमशेदपुर ने किया।

वाइल्डलाइफ वीक के कार्यक्रमों में कई रोचक और जागरूकता बढ़ाने वाले गतिविधियाँ शामिल थीं, जैसे वन भवन में वॉक अ थॉन, मैराथन (रन फॉर गजराज), ऑन-द-स्पॉट निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद, टाटा जू में कीपर टॉक और ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता। इस कार्यक्रम में कुल 6,500 से अधिक स्कूल बच्चों और जमशेदपुर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री परितोष उपाध्याय, आईएफएस, प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स (वाइल्डलाइफ) एवं चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन, झारखंड, रांची उपस्थित थे, जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में श्री एस. आर. नतेशा, आईएफएस, चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स (वाइल्डलाइफ) उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए, सीसीएफ (वाइल्डलाइफ) ने वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में इस तरह के आयोजनों के महत्व पर जोर दिया और जमशेदपुर फॉरेस्ट डिवीजन एवं टाटा स्टील प्राणी उद्यान सोसाइटी के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की।

पीसीसीएफ (वाइल्डलाइफ) एवं चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन, श्री परितोष उपाध्याय ने वन्यजीव संरक्षण के प्रति शिक्षा और जागरूकता फैलाने में चिड़ियाघरों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि झारखंड में जल्द ही दो नए चिड़ियाघर और एक टाइगर सफारी स्थापित किए जाएंगे, जिससे राज्य में वन्यजीव शिक्षा और जागरूकता को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क के सतत प्रयासों की भी प्रशंसा की, जो संरक्षण संबंधी मुद्दों पर समुदाय में जागरूकता फैलाने में लगे हुए हैं। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

डॉ. नईम अख्तर, उपनिदेशक एवं ऑफिसर-इन-चार्ज, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया, जिसमें उन्होंने विशिष्ट अतिथियों, वन विभाग के अधिकारियों और टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क सोसाइटी के सदस्यों का वाइल्डलाइफ वीक सेलिब्रेशन 2025 को सफल बनाने में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप

### मनरेगा लोकपाल ने की योजनाओं का निरीक्षण, दिए कई निर्देश



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतराः** चतरा मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने प्रखंड के जोरी ,लरसर ,उरैली सहित कई गांवो का दौरा किया। इस दौरान मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण कर लाभूको को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना से किसान काफी लाभान्वित होगें। खासकर बागवानी की खेती कर लाखों रुपया कमा सकते हैं ।वही लगाए गए बागवानी में विभिन्न तरह के सब्जी एवं दलहन की खेती भी कर अच्छा आमदनी किया जा सकता किया जा सकता है। इस मौके पर बीपीओ निरंजन कुमार सिंह, जेई प्रिंस बक्शी, रोजगार सेवक अनूप समदर्शी सहित अन्य लोग शामिल थें।

### महेशमुंडा में सम्पन्न तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट, मुख्य अतिथि बने झामुमो नेता कुणाल कंचन

राष्ट्र संवाद सं



**जामताड़ाः** नाला विधानसभा क्षेत्र के महेशमुंडा में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। फाइनल मुकाबले में झामुमो के युवा नेता कुणाल कंचन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन और टीम भावना विकसित करता है। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए गए। बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते नजर आए। कुणाल कंचन ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच देते हैं।

### आनंद मार्ग एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से 5 मोतियाबिंद रोगियों का फेको सर्जरी किया गया




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से 5 मोतियाबिंद रोगियों का फेको सर्जरी का निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया । दवा एवं चश्मा पहना कर उनका स्वागत किया गया। आनंद मार्ग ने आयुष्मान एवं( डी.बी.सी.एस )राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम से पिछले काफी सालों से दृष्टि सेवा अभियान चला रही है।

16 अक्टूबर बृहस्पतिवार को आनंद मार्ग जागृति, गदरा शिव मंदिर के पास आंखों की बीमारी के लिए जांच शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से 1 बजे तक किया गया है।

### जिला पाकुड़ में ऑटो-ई-रिक्शा परिवहन व्यवस्था सुधार हेतु प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पाकुड़** - उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जिला में ऑटो व ई-रिक्शा के सुचारू संचालन को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, यातायात डीएसपी जितेंद्र कुमार, नगर परिषद प्रशासक अमरेंद्र चौधरी, नगर थाना प्रभारी बबलू कुमार एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पाकुड़ जिला ऑटो-ई-रिक्शा ऑनर्स चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव अनिकेत गोस्वामी, शब्बीर हुसैन सहित कई चालक उपस्थित रहे। बैठक में ऑटो-ई-रिक्शा परिवहन व्यवस्था को सुगम एवं जाममुक्त बनाने के लिए कई निर्णय लिए गए।

मुख्य निर्णयः

1 अक्टूबर 2025 से बिना रजिस्ट्रेशन वाले ऑटो/ई-रिक्शा के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

पश्चिम बंगाल से आने वाले वाहनों को चांदपुर चेकपोस्ट पर सवारी उतारनी होगी, आगे वैध स्थानीय वाहन ही नगर क्षेत्र में प्रवेश करेंगे।

नाबालिक चालकों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी।

बिना ड्राइविंग लाइसेंस, आई कार्ड एवं ड्रेस कोड (ऑटो के लिए खाकी, ई-रिक्शा के लिए नीला) के परिचालन पर रोक।

चांदपुर बॉर्डर पर पार्किंग स्थल पर शौचालय, पानी, बिजली व साफ-सफाई की व्यवस्था 1 अक्टूबर से पहले पूरी की जाएगी।

बिना रूट परमिट के ऑटो संचालन पर ?10,000 तक का जुमार्ना।

मेडिकल इमरजेंसी वाहनों को विशेष छूट दी जाएगी।

सड़क पर जहां-तहां सवारी चढ़ाने-उतारने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

बैठक में एसोसिएशन की ओर से 39 आवेदन आई कार्ड व नंबरिंग के लिए तथा 30 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को सौंपे गए।



# पश्चिम विधानसभा में भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत सम्मेलन का किया आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू हुए शामिल, सांसद विद्युत महतो, विधायक पूर्णिमा साहू भी रहे मौजूद**

**कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने झामुमो-कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना, कहा- जनता के हितों के बजाय इन्हें सिर्फ कमीशन और स्वार्थ की चिंता**





**जमशेदपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत रविवार को जमशेदपुर महानगर के पश्चिम विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के मानस सभागार में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में झारखंड भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व सांसद आभा महतो समेत कई अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। इससे पहले, उपस्थित नेताओं के द्वारा पार्टी के पितृपुरुषों के छविचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में उपस्थित सैकड़ों कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सफल बनाने का प्रण लिया। वक्ताओं ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। हाल में लागू जीएसटी सुधार, कर सरलीकरण और आयकर में ऐतिहासिक छूट ने नागरिकों को बड़ी राहत दी है और व्यापार की सुगमता को बढ़ावा मिला है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए झारखंड भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक भारतवासी को सशक्त और स्वावलंबी बनाना है। इस अभियान के दौरान स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया आत्मनिर्भर भारत अभियान अब ठोस परिणाम दे रहा है। देश की आर्थिक संरचना, औद्योगिक क्षमता और निर्यात- शक्ति तीनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। 2014 से पहले जो भारत विदेशी उत्पादों पर निर्भर था, आज वही भारत अनेक क्षेत्रों में उत्पादक और निर्यातक देश के रूप में मजबूती से सामने आ रहा है।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि 2014 से पहले भारत में मोबाइल हैंडसेट निर्माण की स्थिति नगण्य थी। उस समय देश में केवल 2 मोबाइल निर्माण इकाइयाँ थीं, और देश के लगभग 92% मोबाइल फोन आयात किए जाते थे, जिनमें अधिकांश चीन, वियतनाम और दक्षिण कोरिया से आते थे। परंतु पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी योजनाओं की शुरूआत के बाद परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल गई। 2024 तक देश में 200 से अधिक मोबाइल निर्माण इकाइयाँ स्थापित हो चुकी हैं। भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता देश बन गया है। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में पीएलआई योजना के तहत केवल मोबाइल निर्माण में ही 40 हजार करोड़ से अधिक निवेश हुआ है और 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। मोबाइल निर्माण के अलावा देश ने रक्षा, सेमीकंडक्टर, दवा उद्योग और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से आत्मनिर्भरता हासिल की है।

झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए आदित्य साहू ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को राहत देने और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जीएसटी में सुधार किए, तब झामुमो-कांग्रेस और राजद सरकार के नेताओं को दर्द होने लगा। उनके मंत्री जनता के हितों के बजाय अपनी राजनीति बचाने में लग गए। आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड की मौजूदा सरकार को न राज्य की चिंता है, न जनता की। इन्हें सिर्फ अपने स्वार्थ और कमीशन की चिंता सताती है। नरेन्द्र मोदी सरकार के हर जनकल्याणकारी निर्णय का विरोध करना इनकी आदत बन चुकी है। आदित्य साहू ने कहा कि आगामी त्यौहार दीपावली एवं छठ पूजा के समय सभी नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें और दुकानदार स्वदेशी उत्पाद बेचें, इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वदेशी उत्पाद अपनाने और बेचने का आह्वान देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कमी को आम जनता और व्यापारियों के लिए केंद्र सरकार का एक बड़ा तोहफा बताया। श्री महतो ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान आज देश के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र निर्माण की दिशा में जन-जन का संकल्प बन गया है। कहा कि युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप्स और डिजिटल मंच के जरिए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने और स्थानीय उत्पादों व सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया गया।

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। आज भारत न केवल स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन दे रहा है, बल्कि ‌मेक इन इंडिया‌ के माध्यम से वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और नीतिगत सुधारों का ही परिणाम है कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

वहीं, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान तभी सफल होगा जब हर नागरिक स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाएगा।

## सुंदरनगर में भाजपा पोटका विधानसभा की बैठक हुई सम्पन्न, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत 15 अक्टूबर को आयोजित होगा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बैठक में सफलता को लेकर बनाई गई रूपरेखा**



**जमशेदपुर।** भाजपा पोटका विधानसभा की बैठक रविवार को सुंदरनगर स्थित कल्याण मंडप में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन ‌आत्मनिर्भर भारत‌ अभियान के तहत किया गया, जिसमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जानकारी दी कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत पोटका विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 15 अक्टूबर (बुधवार) को सुबह 11 बजे से सुंदरनगर के कल्याण मंडप में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में पोटका के सभी वरिष्ठ एवं देवतुल्य कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बैठक का संचालन करते हुए भाजपा जिला कार्यालय मंत्री एवं पोटका विधानसभा के कार्यक्रम संयोजक सुबोध झा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मूल उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है।

बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा ने किया।

इस दौरान मुख्यरूप से जमशेदपुर महानगर सुधांशु ओझा, कार्यक्रम संयोजक सुबोध झा, सह संयोजक चंद्रशेखर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, घाघीडीह मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार, कोवाली मंडल अध्यक्ष रविंद्रनाथ सरदार, प्रवासी हरकिशोर तिवारी, वीरेंद्र हांसदा, सरोज टुडू, अनिल दुबे, संदीप कुमार, राकेश सिंह, विनोद कुमार, अशोक टुडू समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विजया मिलन सत्य और शक्ति का प्रतीकः अरविंद सिंह

राष्ट्र संवाद संवाददाता



अनुग्रह नारायण सिंह शिक्षण एवं सेवा संस्थान बागबेड़ा में विजय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संरक्षक पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ. मलखान सिंह, शंभू नाथ सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, अरविंद सिंह, विमल सिंह, अजय सिंह, रामाकांत सिंह, दिलीप सिंह, कमलदेव सिंह, अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह, महासचिव सी एस पी सिंह, जिला पार्षद डॉक्टर कविता परमार, मंजू सिंह द्वारा अनुग्रह नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की गई। मलखान सिंह ने संस्था के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए सभी को सहयोग करने की बात कही। शंभू नाथ सिंह ने समय समय पर संरक्षकों के साथ बैठक कर संस्था को आगे बढ़ाने में सहयोग का भरोसा दिया।

अजय सिंह ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं में सहयोग करने की बात कही।

चंद्रगुप्त सिंह ने महासचिव सी एस पी सिंह, अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह के नेतृत्व में चल रहे संस्था के विकास को सराहते हुए विजया मिलन की बधाई दी।

अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह ने संस्था के विकास में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए आगे भी सहयोग की बात कही।

समारोह को सफल बनाने में दिनेश सिंह, दिग्विजय सिंह, केदार सिंह, श्री राम सिंह, संजय सिंह, नारायण सिंह के साथ-साथ पुष्पा सिंह, संदीप सिंह, राजू सिंह, रामचंद्र सिंह, राजेश सिंह, उदय सिंह, अरुण सिंह, रामजी सिंह, राजीव कुमार, ललन सिंह, ज्ञानी सिंह, अभिजीत सिंह का सक्रिय योगदान रहा। समारोह में संरक्षक पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ. मलखान सिंह, शंभू नाथ सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, अरविंद सिंह, विमल सिंह, अजय सिंह, रामाकांत सिंह, दिलीप सिंह, कमलदेव सिंह, अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह, महासचिव सी एस पी सिंह, जिला पार्षद डॉक्टर कविता परमार, मंजू सिंह, संध्या सिंह, किरण सिंह, राजेश सिंह बम के साथ साथ सैकड़ों महिला, पुरुष सदस्य उपस्थित थें।

## सुभाष कॉलोनी में फूटा लोगों का गुस्सा, नाले के गंदे पानी से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन, विधायक सरयू राय और निगम प्रशासन पर जमकर बरसे

राष्ट्र संवाद संवाददाता



जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के उलीडीह थाना अंतर्गत सुभाष कॉलोनी रोड नंबर-5 में रविवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। कॉलोनी की सड़कों पर बह रहे नाले के गंदे पानी से तंग आकर लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और स्थानीय विधायक सरयू राय मुदार्बाद, मानगो नगर निगम हाय-हाय के नारे लगाए।

**हर बार सिर्फ आश्वासन, कार्रवाई नहीं**

कॉलोनीवासियों ने बताया कि पिछले कई महीनों से नाले का गंदा पानी सड़क पर फैलकर बह रहा है, जिससे घरों के सामने लगातार बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। कई बार मानगो नगर निगम के अधिकारियों और स्थानीय विधायक सरयू राय से लिखित और मौखिक शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

रहवासियों ने बताया कि गंदे पानी के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है, बच्चे और बुजुर्ग फिसल कर गिर जाते हैं, वहीं मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। गली-मोहल्लों में डेंगू और मलेरिया का डर मंडरा रहा है।

लोगों ने कहा कि आने वाले दिनों में छठ पूजा और दीपावली जैसे पर्व हैं, जिनमें सड़कों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाएगी। अगर जल्द ही नाले की सफाई और निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो कॉलोनीवासी मानगो नगर निगम कार्यालय और विधायक आवास का घेराव करेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल थे। महिलाओं ने कहा कि बच्चों को स्कूल भेजना मुश्किल हो गया है, क्योंकि सड़क पर गंदा पानी भरा रहता है। कई बार मोटरसाइकिल फिसलकर गिर जाती है। लोग गली में चप्पल निकालकर चलने को मजबूर है

## हुरलुंग नए पुल के करीब दर्दनाक सड़क हादसा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर में शनिवार को देर रात बिरसानगर थाना अंतर्गत हुरलुंग के पास नए पुल के करीब एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार बेकाबू होकर पलट गई। इससे टाटा स्टील के वायर रॉड मिल (हफट) में काम करने वाले क्रेन ऑपरेटर प्रमोद कुमार सिंह (57) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, कार में सवार पांच अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां सभी का इलाज चल रहा है। इनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है।सभी कर्मचारी अपने एक सहकर्मी के जुड़वा बच्चों के जन्म की खुशी में पार्टी मनाने गए थे। लौटते समय तेज रफ्तार कार हुरलुंग पुल के पास पलट गई। दुर्घटना के समय कार का शीशा खुला था। इससे प्रमोद सिंह के सिर में गंभीर चोट लग गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

कार में आरके सिंह, उमा शंकर नोनिया (47), नंदू यादव (50), परीक्षित बेनुधर (28), जय बनर्जी (50) और बिनेश टूडू (33) सवार थे। इनमें आरके सिंह की मौत हो गई है। बाकी घायल हैं। सभी वायर रॉड मिल के कर्मचारी हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस से सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया।

मृतक प्रमोद कुमार सिंह सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बारीडीह स्थित भूषण कॉलोनी के रहने वाले थे।

## घाटशिला उप निर्वाचन 2025 : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**घाटशिला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि घाटशिला विधानसभा उप निर्वाचन 2025 के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र को मॉडल बूथ के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशाझ्रनिदेशों के अनुरूप सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी – जैसे बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, प्रतीक्षालय आदि – की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

श्री रवि कुमार घाटशिला अनुमंडल सभागार में 45झ्रघाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन की तैयारी को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।


उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में जीरो एरर के साथ कार्य करना है। चुनाव से संबंधित प्रत्येक कार्य के लिए आयोग द्वारा विस्तृत मॉड्यूल और एसओपी तैयार किए गए हैं। सभी पदाधिकारी इनका अक्षरशः अनुपालन करते हुए अपने कार्यों को ससमय संपन्न करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक त्रुटिरहित एवं सुचारू बनाने के लिए पदाधिकारियों को आयोग द्वारा तय दिशाझ्रनिदेशों के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके लिए सोशल मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्या करें और क्या न करें की जानकारी साझा करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं की उम्र 85 वर्ष से अधिक है या दिव्यांग मतदाता हैं, उन्हें घर से मतदान की सुविधा दी जाए। इच्छुक मतदाता ECInet या सक्षम ऐप के माध्यम से या बीएलओ के जरिए अपनी इच्छा व्यक्त कर सकते हैं।

## दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़े पुलिस इंस्पेक्टर आनंद मिश्रा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**02.19.11 घंटे में 21.10 किलोमीटर दौड़ पूरी की**



**जमशेदपुर।** वेदांत ग्रुप की ओर से दिल्ली में रविवार को आयोजित वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में जमशेदपुर शहर के लिए बड़ा ही फक्र का रहा, जब साकची थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक आनंद मिश्रा ने हाथ मैराथन 21.10 किलोमीटर की दूरी 2 घंटे 19 मिनट 11 सेकंड में पूरी की। उनका औसत प्रति 1 किलोमीटर 6 मिनट 36 सेकंड रहा।

इस मौके पर वेदांत ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं देश के खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया एवं अन्य हस्तियां उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय वर्ग में केन्या के एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की रेस जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

पिछले साल उपविजेता रहे मटाटा ने 59:50 मिनट का समय लेकर शानदार प्रदर्शन किया और दिल्ली में अपना पहला खिताब आसानी से हासिल कर लिया।

इस बीच महिला वर्ग में रेंगरुक ने संयम का परिचय देते हुए अपने इथियोपियाई प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया और 1:07:20 सेकंड का समय लेकर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

भारतीय खिलाड़ी वर्ग में अभिषेक पाल ने 1:04:17 का समय निकालकर पुरुष वर्ग का खिताब जीता, जबकि सीमा ने 1:11:23 के समय के साथ महिला वर्ग में जीत हासिल की।

पुलिस इंस्पेक्टर आनंद मिश्रा को उसकी इस सफलता पर विभागीय पदाधिकारी सगे संबंधियों और मित्रों ने बधाई दी है। वह पूर्व में मुंबई कोलकाता एवं अन्य कई मैराथन दौड़ में हिस्सा ले चुके हैं।

## सार-संक्षेप

### वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन में जमशेदपुर रोड रनर का दबदबा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन 2025 जो 12-10-2025 को आयोजित हुआ । इस मैराथन में लगभग सोलह हजार धावको ने देश और विदेश से आकर भाग लिया जिसमें जमशेदपुर रोड रनर के धावकों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर परचम लहराया तथा शहर का नाम रौशन किया। रितेश सिंह तोमर, अश्विनी कुमार, धरम राज मांझी,कृष्णा कुमार, मुरलीधर कुमार, शेखर कुमार , पंकज कुमार इत्यादि ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। रितेश सिंह तोमर ने इस इवेंट को 1 घंटा 39 मिनट में पूरा कर एक नया कीर्तिमान बनाया। धरमराज मांझी 1 घंटे 42 मिनट और कृष्णा कुमार 1 घंटे 47 मिनट और अन्य धावको ने भी इस इवेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जमशेदपुर रोड रनर के धावक हमेशा से लोगों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करते रहते हैं। जमशेदपुर रोड रनर का एक ही लक्ष्य स्वस्थ रहे मस्त रहे।

### विधायक समीर कुमार मोहंती से भरत सिंह ने की मुलाकात



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** :बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह समाजसेवी भरत सिंह ने जमशेदपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

यह भेंट विधायक समीर कुमार मोहंती के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी लेने और शुभकामनाएँ देने के उद्देश्य से हुई।

इस अवसर पर भरत सिंह ने विधायक के शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना की और कहा कि ‌समीर जी जनता के हित में सदैव सक्रिय रहते हैं। हम उनके स्वास्थ्य की कामना करते है।‌

वहीं विधायक समीर कुमार मोहंती ने भरत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ‌साथियों का स्नेह और शुभकामनाएँ ही मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। स्वास्थ्य लाभ के बाद मैं पुनः क्षेत्र की जनता की सेवा में पूरी ऊर्जा के साथ जुटूँगा।‌

मुलाकात के दौरान दोनो ही नेताओं के बीच क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा भी हुई।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह ने दुर्घटनाग्रस्त महेंद्र मिश्रा से की मुलाकात, लिया आशीर्वाद



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री परविंदर सिंह ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ जुगसलाई निवासी श्री महेंद्र मिश्रा के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि विगत दिनों एक दुर्घटना में श्री मिश्रा का पैर फैक्चर हो गया था।

इस अवसर पर परविंदर सिंह ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और कहा कि कांग्रेस परिवार हर सुख-दुख में अपने कार्यकताओं और शुभचिंतकों के साथ खड़ा है।

मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से रजनीश सिंह, परितोष सिंह, राकेश साहू, शिवनंदन सिंह, राजेश चौधरी, कौशल प्रधान, नलिनी सिंह, शबाना परवीन, विश्वजीत जाना सहित कई अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

कार्यकताओं ने भी श्री मिश्रा के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और संगठन के प्रति एकजुटता का संदेश दिया।

### प्रवीण सेवा संस्थान का पूजा पंडाल बना नंबर वन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : आदित्यपुर स्थित प्रवीण सेवा संस्थान, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति को इस वर्ष अपने भव्य ‌राजस्थान के उदयपुर महल‌ थीम वाले पंडाल के लिए ‌द टाइम्स ऑफ इंडिया दुर्गे देवी नमस्तुते अवार्ड 2025‌ में नंबर वन स्थान प्राप्त हुआ।

बिष्टूपुर श्रीलेदर्स में आयोजित समारोह में टीओआई के संपादक बप्पा मजूमदार ने समिति के प्रेस प्रभारी व पूर्व विधायक अरविंद सिंह के आप्त सचिव सुनील गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया।संस्थान को ऑनलाइन पसंद और जजों की थीम श्रेणी दोनों में प्रथम स्थान मिला।समारोह में विजय आनंद मूनका, डॉ. जय भादुड़ी, श्रीकांत नायक, और सुमन प्रसाद सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

सुनील गुप्ता ने कहा, ‌यह सम्मान हमारी टीम और भक्तों के समर्पण का परिणाम है।

### राज्यसभा सांसद आदित्य साहू का मानगो में आत्मीय स्वागत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : झारखंड भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू रविवार की शाम भाजपा जिला महानगर कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली के आवास मानगो एनएच-33 स्थित वसुंधरा एस्टेट पहुँचे। इस दौरान उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और उनके साथ स्नेहपूर्ण वातावरण में भोजन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने आदित्य साहू का गर्मजोशी से स्वागत किया।यह भेंट प्रदेश नेतृत्व और जिला संगठन के बीच सामंजस्य एवं आत्मीय संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक मानी जा रही है।

## संपादक की कलम से

# बिहार चुनाव में नया एमवाई समीकरण, बदलता जनादेश और आयोग की अग्निपरीक्षा

**देवानंद सिंह**




बिहार में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। राजनीतिक दल अपने-अपने जिताऊ उम्मीदवारों के चयन में व्यस्त हैं और विश्लेषक इस बार के चुनाव को कई मायनों में ऐतिहासिक मान रहे हैं। कारण केवल यह नहीं कि राज्य में सत्ता परिवर्तन की संभावना टटोलने का वक्त है, बल्कि इसलिए भी कि इस बार के चुनाव का मैदान पुराने जातीय समीकरणों से हटकर नए सामाजिक और राजनीतिक गठजोड़ों पर टिका दिख रहा है।

दरअसल, बिहार में जब-जब चुनाव की बात होती है, तो सबसे पहले एमवाई यानी मुस्लिम-यादव समीकरण की चर्चा होती है। लेकिन इस बार का चुनाव पुराने एमवाई से अलग है। अब एम का अर्थ महिला और वाई का मतलब युवा बताया जा रहा है। यही नया एमवाई समीकरण इस चुनाव की दिशा और दशा तय करेगा। विश्लेषकों का मानना है कि इस बार महिला मतदाता और नौजवान वर्ग ही बिहार के भविष्य की सियासत का फैसला करेंगे।

नीतीश कुमार ने पिछले दो दशकों में महिलाओं को केंद्र में रखकर योजनाओं की जो बुनियाद रखी थी, वह अब उनके लिए सबसे बड़ा राजनीतिक सहारा बन चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार, जब उन्होंने स्कूली बच्चियों को साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्तियां दीं, तब यह केवल एक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक दीर्घकालिक राजनीतिक निवेश था। अब वही बच्चियां सक्रिय मतदाता हैं, और उनके खातों में सीधे पैसे आने से नीतीश कुमार के प्रति एक भावनात्मक जुड़ाव कायम हुआ है। यही कारण है कि महिलाओं का झुकाव आज भी नीतीश की ओर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

इसके उलट, विपक्ष यानी महागठबंधन इस बार युवाओं के भरोसे मैदान में है। तेजस्वी यादव ने सरकारी नौकरी की गारंटी देने का वादा किया है, एक ऐसा वादा जिसने पिछली बार के चुनाव में उन्हें अचानक राजनीतिक केंद्र में ला दिया था। बेरोजगारी का मुद्दा पांच साल पहले भी सबसे बड़ा चुनावी हथियार था और इस बार भी वही भावनात्मक असर पैदा करने की कोशिश की जा रही है। इस लिहाज से बिहार का यह चुनाव महिला बनाम युवा एजेंडे की लड़ाई बन गया है।

जातिगत समीकरणों की भूमिका बिहार की राजनीति में हमेशा निर्णायक रही है। परंतु इस बार समीकरणों में हलचल है। विशेषज्ञों का कहना है कि नीतीश कुमार के अति पिछड़ा वर्ग पर पकड़ पहले जैसी नहीं रही, आंशिक रूप से उनकी सेहत और बढ़ती उम्र के कारण। वहीं कुशवाहा और कुछ दलित समुदायों में भी एनडीए के प्रति असंतोष बढ़ा है। इसके विपरीत, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ आने से मुस्लिम-यादव समीकरण एक बार फिर मजबूत हुआ है। अगर, जनसुराज पार्टी या एआईएमआईएम इस गठबंधन के वोट को नहीं तोड़ पाती हैं, तो एनडीए के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

गठबंधनों की अपनी-अपनी उलझनें भी कम नहीं हैं। एनडीए के भीतर सीट बंटवारे को लेकर खींचतान जारी है। बीजेपी को लोजपा, उपेंद्र कुशवाहा और जीतनराम मांझी जैसे सहयोगियों को साथ लेकर चलना पड़ रहा है। जेडीयू ने साफ कहा है कि तालमेल बनाए रखना बीजेपी की जिम्मेदारी है। उधर, महागठबंधन में भी असहमति है। मुकेश सहनी की सीटों की मांग घटकर 60 से 20 के बीच आ गई है, जबकि वामपंथी दल अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की ज़िद पर अड़े हैं। कांग्रेस भी इस बार पिछली बार से कम सीटों पर लड़ने की तैयारी में है, लेकिन उसकी प्राथमिकता अपने उम्मीदवारों की घोषणा समय पर करने की है।

इन राजनीतिक समीकरणों के बीच सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि विपक्ष लगातार इसे नीतीश कुमार का अंतिम चुनाव बता रहा है। तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर दोनों ही इस नैरेटिव को प्रचारित कर रहे हैं, हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक, यह कहना असामान्य नहीं होगा कि उम्र और सेहत को देखते हुए नीतीश का यह आखिरी चुनाव हो सकता है, लेकिन इससे उनके मतदाता आधार पर कोई बड़ा असर नहीं दिख रहा।

लंबे शासनकाल के कारण एक ऊब तो जरूर है, मगर नाराजगी नहीं। 20 साल से अधिक समय से सत्ता में रहने वाले नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी की भावना अपेक्षाकृत कमजोर है। उनके प्रति सम्मान और विश्वास अब भी बरकरार है, खासकर महिलाओं और बुजुर्ग मतदाताओं में। जंगलराज का भय अब युवा पीढ़ी में अप्रासंगिक हो चुका है, लेकिन जिन लोगों ने वह दौर देखा है, वे अब भी उसे याद करते हैं और उसी तुलना में नीतीश को स्थिरता का प्रतीक मानते हैं।

प्रशांत किशोर का उदय भी इस चुनाव का एक नया आयाम है। जनसुराज यात्रा के माध्यम से उन्होंने एक वैकल्पिक राजनीतिक विमर्श खड़ा करने की कोशिश की है। विशेषज्ञों के अनुसार, उन्होंने युवाओं और प्रवासी बिहारी वोटरों के बीच खास प्रभाव डाला है। वह उन 25-30 प्रतिशत मतदाताओं को साधने की रणनीति पर काम कर रहे हैं जो जातीय या पारंपरिक राजनीतिक ध्रुवीकरण से ऊपर उठकर मतदान करते हैं। हालांकि, वे कितने वोटों में इसे तब्दील कर पाएंगे, यह देखना बाकी है, लेकिन अगर वह लगातार सक्रिय रहे, तो 2030 का चुनाव उनके लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

दूसरी ओर, बीजेपी बिहार में मोदी फैक्टर पर पूरी तरह निर्भर दिख रही है। पार्टी के पास कोई स्थानीय चेहरा नहीं है जो राज्य स्तर पर चुनावी नेतृत्व दे सके। सम्राट चौधरी, दिलीप जायसवाल और मंगल पांडे जैसे नामों के बावजूद पार्टी के भीतर करिश्माई नेतृत्व का अभाव है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बीजेपी की पारंपरिक बढ़त भी कमजोर पड़ी है, क्योंकि विपक्ष ने अब उसी हथियार से पलटवार शुरू कर दिया है। प्रशांत किशोर ने खुले तौर पर कई बीजेपी नेताओं पर करप्शन के आरोप लगाए हैं, जिससे पार्टी को नैतिक बढ़त बनाए रखने में मुश्किलें आई हैं।

तेजस्वी यादव की स्थिति फिलहाल विपक्ष के चेहरे के तौर पर मजबूत हुई है। राहुल गांधी के साथ उनकी रैलियों ने एमवाई समीकरण को पुनर्जीवित किया है। हालांकि, लोकप्रियता में वे अभी नीतीश कुमार से पीछे हैं। जनता उन्हें स्वीकार तो करती है, पर उन्हें एक परिपक्व नेता के रूप में पूरी तरह नहीं देखती। उनका फायदा यह है कि बीजेपी के पास कोई स्थानीय चेहरा नहीं है और नीतीश के नेतृत्व पर कुछ संदेह हैं। ऐसे में उन्हें स्वाभाविक लाभ मिलता दिखाई देता है।

इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य के बीच, स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) का मामला चुनावी विमर्श का नया मोड़ बन गया है। यह वही प्रक्रिया है जिसके तहत मतदाता सूची की समीक्षा की गई और लगभग 69 लाख नाम सूची से हटाए गए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल प्रभावित मतदाताओं को चुनाव आयोग में अपील करने का निर्देश दिया है, लेकिन विपक्ष ने इसे वोट चोरी का मामला बनाकर प्रचार में भुनाने की कोशिश की। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने इसी मुद्दे पर वोटर अधिकार यात्रा निकाली, जिसे जमीनी स्तर पर आंशिक समर्थन तो मिला, लेकिन यह चुनावी हवा नहीं बना सकी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा कांग्रेस और आरजेडी के कार्यकताओं में जोश भरने का माध्यम तो बन सकती है, लेकिन इससे नया वोट बैंक नहीं जुड़ेगा। हां, अगर सचमुच बड़ी संख्या में वैध नाम हटाए गए हैं और यह बात जमीन पर चर्चा में आई, तो यह मामला बिहार से निकलकर राष्ट्रीय मुद्दा बन सकता है, जिससे बीजेपी और चुनाव आयोग दोनों को नुकसान झेलना पड़ सकता है।

# जरुरी है शिक्षक - छात्र के बीच मजबूत भावनात्मक सम्बन्ध

**डॉक्टर कल्याणी कबीर**



इसमें कोई संदेह नहीं कि शिक्षा की प्रक्रिया में शिक्षक और छात्र ये दो प्रमुख केंद्र बिंदु होते हैं। ऐसे में यह भी सच है कि इन दोनों के बीच अगर समृद्ध और सशक्त भावनात्मक संबंध हो तो इससे छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धि में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह भावनाएं ही तो हैं जो हमारे ह्रदय में किसी व्यक्ति के लिए विशेष भाव पैदा करते हैं । वर्षों तक हम अपने शिक्षकों को याद करते हैं। उनकी सराहना उनकी सलाह को याद रखते हैं तो सिर्फ इसलिए कि उनसे हमारा भावनात्मक जुड़ाव होता है। आज की शिक्षा प्रणाली यूं तो तकनीक और भौतिकवादी संस्कृति के प्रवाह में भावनाओं से थोड़ी अलग-थलग नजर आती है पर फिर भी शिक्षा अपने मूलभूत उद्देश्य को तभी? प्राप्त कर पाती है जब वह भावनाओं के साथ शैक्षणिक यात्रा तय करे ।

मानव के व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास में शिक्षा का बहुत ही महत्त्व रहा है । शिक्षा ही वह पुल है जिससे होकर मानव संस्कृति एक युग से दूसरे युग तक की यात्रा करती है । शैक्षणिक व्यवस्था की इस यात्रा में शिक्षक और छात्र दोनों समाज रूपी व्यक्ति के दो पैर है जिसके माध्यम से समाज विकसित होता है , आगे बढ़ता है । ऐसे में दोनों एक गति और लय से आगे बढ़े तभी मानवीय रिश्तों में संतुलन और समन्वय की संभावना बन सकती है ।

यहाँ यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि शिक्षक दाहिना पैर है जो पहले आगे - आगे बढता है और शिष्य बायाँ जो उसके पीछे बढ़ता है । ऐसे में शिष्य से ज्यादा अहमियत शिक्षक की होती है । समाज का निर्माण व्यक्ति से होता है और इतिहास की बात हो या वर्तमान की , यह निर्विवादित सत्य है कि व्यक्ति के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । वे न होते तो शायद एक व्यक्तित्त्व के रूप में हमारा विकास अधूरा ही रह जाता । उन्हीं के सिखाये सन्देश और प्रेरक शब्दों के द्वारा हमें एक दिशा मिलती है,जो आगे चल कर हमारी उपलब्धि बन जाती है । यह कार्य प्राथमिक स्तर से ले कर विश्वविद्यालय स्तर के सभी शिक्षकों द्वारा होता है । कहीं से भी किसी का भी महत्त्व कम नहीं है क्योंकि लम्बी यात्रा की शुरूआत भी पहले कदम से ही होती है तो पहला कदम भी उतनी ही अहमियत रखता है जितनी अहमियत मंजिल की होती है ।

कदाचित यही कारण है कि विश्व की कोई भी संस्कृति हो वहाँ शिक्षक को किसी न किसी रूप में महत्त्वपूर्ण माना गया है । भारतीय संस्कृति की भी यह सर्वकालीन परम्परा रही है कि यहाँ गुरु को ब्रह्म से भी श्रेष्ठ माना गया है । तभी तो गुरु पूर्णिमा के रूप में गुरु की आराधना का दिन भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है ।

गुरु का यह महत्त्व कबीर भी स्वीकार करते हैं उन्हीं के शब्दों में झ

₹गुरु गोबिंद दोउ खड़े,काके लागूं पाँय ,
बलिहारी गुरु आपनों ,जिन गोबिंद दियो बताय।₹

यह पंक्ति गुरु और शिष्य के बीच के संबंधों की निकटता और पवित्रता को व्यक्त करने के लिए काफी है , पर आज के भौतिक और तकनीकी साधनों से लैस युग में इस सम्बन्ध के बीच एक दूरी सी नजर आने लगी है जो किसी भी दृष्टिकोण से स्वस्थ समाज के लिए सही संकेत नहीं है ।

इस सम्बन्ध के बीच की यह हल्की सी दूरी शिक्षा प्रणाली का आतंरिक संघर्ष है , जो ऊपरी सतह से तो दृष्टिगोचर नहीं होता पर कहीं भीतर तक सामाजिक और शैक्षणिक व्यवस्था को नुकसान पहुँचाता है ।

प्राय : यह देखा गया है कि छात्रों को कोई विषय दुरूह लगता है, उन पर बढ़िया अंक लाने का दबाव होता है और ऊपर से मानवीय संबंधों की सामान्य दिक्कतें भी उनके जीवन का हिस्सा होती हैं । इस तरह की समस्याओं से छात्र इसलिए जूझते है क्योंकि शिक्षक और छात्र भावनात्मक तौर पर एक दूसरे से स्वयं को संबंधित महसूस नहीं करते ।

अब गौर से देखें तो इस समस्या के दो कारण हैं- पहला तो है ज्ञान और सूचना को लेकर शिक्षक का अहंकार और दूसरा कक्षा से बाहर शिक्षक और छात्र के बीच मैत्रीपूर्ण संवाद का अभाव।

साथ ही पुस्तक और शिक्षक केंद्रित शिक्षा, ज्ञान व सूचना का संवर्धन और महिमामंडन और इसके परिणामस्वरूप शिक्षक के व्यवहार में उपजने वाला एक अनावश्यक अहंकार , इसने ही छात्रों के नजर में शिक्षा को एक बोझ बना डाला है और टूटे - बुझे मन से शिक्षा प्राप्त करने वाला छात्र समाज के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने में अक्षम सिद्ध होता है ।

यह स्पष्ट है कि बगैर स्नेह और मैत्री भाव के किसी को शिक्षक बनने का अधिकार भी नहीं होना चाहिए, क्योंकि सही शिक्षा सिर्फ चार दीवारों के बीच अचेतन कुर्सियों और मेजों के साथ शिक्षक और छात्र के बीच एक दूरी कायम रखते हुए ज्ञान और सूचनाओं के संप्रेषण तक ही सीमित नहीं रहती । उसे कक्षा से बाहर छात्र और शिक्षक के बीच जीवन की समस्याओं पर एक सार्थक संवाद के जरिए भी संप्रेषित किया जाना चाहिए । यह तभी मुमकिन होगा जब शिक्षा शुद्ध रूप से पुस्तक और शिक्षक केंद्रित न रहे, जीवन और छात्र पर केंद्रित हो। यदि शिक्षक और छात्र के बीच स्वस्थ संबंध हैं, स्नेह और सम्मान है तो फिर पढ़ना-लिखना, विषय को समझना, यह सब कुछ इस स्वस्थ संबंध का एक सह उत्पाद मात्र होगा।

उसके लिए थोड़ा प्रयास ही काफी होगा और छात्रों को विषयों के बोझ के अलावा अपने आपसी संबंधों में उपजती पीड़ा पर समय और ऊर्जा व्यर्थ नहीं करनी पड़ेगी ।

# वो साँवली सी लड़की

**शीला पात्रो**



वह जो सांवली सी लड़की है,
कयामतखेज आँखोंवाली
उसकी आँखों में सिर्फ आकर्षण नहीं,
एक दर्द का दरिया भी अवरुद्ध है
–
सड़कों पर,गलियों में, मॉल में,
घूरती और समीक्षा करती आँखें हैं,
हर जगह प्रश्न करते चेहरे हैं ।
हर दृष्टि जो उसे आंकती है,
हर टिप्पणी जो उसे छूती है,
बस एक परत हटा देती है
उसके आत्मसम्मान की।
उसकी सांवली त्वचा में बसी हैं
कहानियाँ संघर्ष कीं,
सपने अपनी राह बनाने की,
दबावों और उपेक्षाओं के बावजूद
वह खड़ी रहती है,
अपने सपने और आत्मसम्मान की
लौ जलाये।
लोग परिचय देते हैं-भौंहें सिकोड़ते हुए
वह साँवली सी लड़की
पर वह जानती है-
उसका रंग उसकी कमजोरी नहीं,
उसकी ताकत है
वो कयामतखेज आँखें प्रत्युत्तर हैं
उसका दर्द उसकी कमजोरी नहीं
उसकी गहन संवेदनशीलता है
वह मुस्कुराती है - तीखे व्यंग्य के साथ।
क्योंकि हर टिप्पणी, हर आलोचना,
सिर्फ दिखाती है कि दुनिया
अभी भी अपनी आँखों में अंधेरा
लिए घूम रही है।
रूप तो वक्त का मेहमान है,
पर उसकी कृतियाँ उसके संघर्ष की
कहानियाँ कहेंगी
उसके सांवलेपन के भीतर छुपा है
साहस का सूरज,
जो न किसी शब्द से बुझ सकता है,
न किसी नजर से कम हो सकता है।
वह ह्यसाँवलीह्व,केवल एक लड़की नहीं,
बल्कि एक अनुभव है,
एक ऐसा अनुभव है जो सोचने पर
मजबूर कर दे!
क्या सच में सुंदरता केवल देखने की चीज है,
या इसे महसूस करना भी एक कला है?
वह सांवली लड़की दरअसल
एक प्रश्नचिह्न है सृष्टि के चेहरे पर,
जो पूछती है –
क्या सचमुच सुंदरता गोरी होती है?
या फिर,
जीवन का रंग हमेशा सांवला या
धूसर ही होता हैङ्ख
न पूरी तरह सफेद या गोरी न पूरी
तरह काली।

# धरती की पुकार: हरित पुनर्जन्म

**शीला पात्रो**



मैं धरती हूँङ्ख तुम्हारी
जननी।
अब भी घूम रही हूँ,
पर मेरी धड़कनें थकी-
थकी सी हैं,
साँसें उखड़ने लगी हैं।
पेड़ों ने अब बोलना छोड़
दिया,
हवाओं ने कराहना सीख
लिया है।
नदियाँ बहती तो हैं,
पर उनके स्वर में अब
संगीत नहीं
बस एक करुण रूदन है।
पहाड़ अब भी खड़े हैं,
पर उनकी चोटियों से बर्फ
पिघल चुकी है।
आकाश अब नीला नहीं
रहा,
हवा में मिट्टी की वह पवित्र
गंध नहीं रही।
कभी जो वृक्ष छाँव देते थे
–
अब स्मृतियों में उगते हैं।
पक्षियों के गीत इतिहास बन
चुके हैं,
और वर्षा –
मानो ईश्वर की कोई
चेतावनी हो गई है।
युग बदल रहा हैङ्ख
पर क्या चेतना बदलेगी?
क्या फिर से अंकुर फूटेंगे
उस विश्वास के,
जो हरियाली के संग मर
गया था?
यदि तुम समझोङ्ख
यदि तुम फिर से प्रेम करो
–
तो मैं अपने आँचल में
हरियाली लौटाऊँगी,
नदियाँ फिर गीत गाएँगी,
हवाएँ मधुर सुर सुनाएँगी,
और आकाश फिर नीला हो
जाएगा।
अब समय है –
मिट्टी से संवाद का,
पेड़ों से क्षमा का,
और नदियों से नया संकल्प
लेने का।
युग बदल रहा हैङ्ख
और मैं –
धरती –
इंतजार में हूँ,
अपने ह्नहरित पुनर्जन्म ह्व
की।

# डोनाल्ड ट्रम्पः एक सुन्दर सपना टूट गया

**ऋतुपर्ण दवे**

बड़बोले डोनाल्ड ट्रम्पको नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। अपने मुंह मिया मिट्ठू बनने वाले ट्रम्प को भी नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। अपने लिए नोबेल पुरुस्कार मांगने वाले और इसके लिए दावे दावे करने वाले वाले ट्रम्प को भी नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। शांति के नोबेल पुरुस्कार के लिए चंद देशों से खुद को नामित कराने वाले अड़ीबाज ट्रम्प के मुकाबले बेहद कम चर्चित और दुनिया में अलग पहचान रखने वाली एक महिला को मिलना शायद ट्रम्प को उनकी असलियत या औकात बताने को काफी है।

दरअसल ट्रम्प की दावेदारी और पुरुस्कार न मिलने पर बजाए खुलकर बोलने के लोग, उनके घमण्ड, धौंस, धमक और दादागीरी को वजह बताते हैं जो नोबेल शांति के रूप में नहीं मिला। वैसे भी हर पुरुस्कार के लिए नियम होते हैं, लंबी फेहरिस्त होती है और कारण होते हैं। ट्रम्प कहीं से भी इसमें फिट नहीं बैठते थे। लेकिन उन्हें अमरीका का राष्ट्रपति होने का गुमान था इसीलिए वो यह जानते हुए भी कि पुरुस्कार के लिए नामित होने और औपचारिकताओं के पूरा करने की प्रक्रिया को भी शायद अपनी धौंस से धता बताने की जुगाड़ में थे, जो हो न सका। यह भी सच है कि शायद यह पहला मौका होगा जब पुरुस्कार मिलने वाले के नाम की चर्चा के बजाए न मिलने वाले का नाम और उसका रंज सुर्खियों में है।

अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रम्प भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयंभू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जंग समेत आठ युद्धविराम या समझौते कराने का दावा करते हैं। जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है? इस बार का नोबेल शांति पुरुस्कार नॉर्वेनियन नोबेल कमेटी ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को देना तय किया। यह वेनेजुएला के लोगों के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही को लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण बदलाव के लिए किए गए अथक संघर्ष का सम्मान है। नोबेल समिति के अध्यक्ष यॉर्गन वाटने फ्रिडनेस ने मारिया कोरिना मचाडो को एक ऐसी प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत बताया जिन्होंने पहले गहरे विभाजित विपक्ष को एकजुट किया फिर स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग में समान आधार स्थापित करने का कठिन काम किया। अपने प्रयासों की कामियाबी के लिए मारिया कोरिना मचाडो को छिपकर रहने पर भी मजबूर होना पड़ा। लेकिन जान को गंभीर खतरों के बावजूद उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा और दुनिया भर में शांति के पक्षधर लाखों लोगों का प्रेरित किया। मारिया का मानना है कि जब सत्तावादी लोग सत्ता हथिया लेते हैं, तो स्वतंत्रता के ऐसे साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े हों और विरोध करें। लोकतंत्र उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने के बजाए गंभीर जोखिमों के बावजूद आगे बढ़ते रहने का दुस्साहस करते हैं। यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि हमेशा उसकी रक्षा करनी चाहिए। इसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति और शब्दों के सामर्थ्य का इस्तेमाल जरूरी है। ट्रम्प भले ही दुनिया का दारोगा कहलाएं लेकिन उन्हें मारिया के सिध्दांतों और धारणाओं से काफी कुछ सीखने की जरूरत है।

यह सही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में तो शुरूआत से ही शांति के नोबेल पुरुस्कार का सपना संजोए बैठे थे। उनका हर मंच पर दावा कि उन्होंने ही आठ युद्ध रुकवाए हैं यही बताता है। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की आलोचना करना और कहना कि बिना किसी कारण के उन्हें नोबेल मिला मैंने तो 8-8 युद्ध रुकवाए अहंकार नहीं तो क्या है? लेकिन वो भूल गए कि उनके दावे नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की समय-सीमा के बाद के हैं। ऐसे में संभव है कि यह उनकी चालाकी हो और अगले साल के अपने दावे को पुख्ता करने की रणनीति हो! दुनिया जानती है कि ट्रम्प कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। कहा तो यह तक जाने लगा है कि ट्रम्प को यह भी नहीं पता अगले पल वो क्या कर बैठें, बहरहाल यह उनका अपना मामला है वो जाने। हां, नोबेल कमेटी की निना ग्रेगर ने यह जरूर कहा कि नोबेल के फैसले पर गाजा सीजफायर का असर नहीं होगा, लेकिन अगर यह शांति स्थायी रही, तो अगले साल ट्रंप की दावेदारी मजबूत हो सकती है। वहीं, नोबेल कमेटी के अध्यक्ष जोएर्गन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि पुरस्कार पर फैसला काम के आधार पर किया जाता है। अब ऐसा भी नहीं है कि अमरीका जैसे देश सशक्त देश के राष्ट्रपति को इतना भी भान न हो?

अब एक पुराना और चौंकाने वाला वाकया सुर्खियों में है। जब एडॉल्फ हिटलर को शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने की कोशिश हुई। इससे हर कोई असहज हुआ होगा। उनके क्रूर होने के किस्से-कहानियां इतिहास की किताबों में दर्ज है। क्या उनके नाम कभी प्रस्तावित हुआ?

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**



**मेष**- सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष**- परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्ययभार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन**- विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क**- पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी ङ्कषचता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह**- दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्कषचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या**- अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला**- कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक**- कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-4-6

**धनु**- संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

**मकर**- शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-2-4-6

**कुंभ**- विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें।

प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-3-5-7

# चुनावी रंग में रंगा जादूगोड़ा:जादूगोड़ा के राखा कॉपर में बूथ स्तरीय कार्यकता सम्मेलन आयोजित

## बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत की अबुआ सरकार नहीं, लुटेरे की सरकार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : घाटशिला विधानसभा चुनाव को लेकर जादूगोड़ा चुनावी रंग में रंग गया। इधर आज रविवार को राखा कॉपर दुर्गा पूजा पंडाल में बूथ स्तरीय कार्यकता सम्मेलन आयोजित की गई।इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की अबुआ सरकार पूरी तरह फेल है व यह लुटेरे की सरकार में तब्दील हो गई है। जिसे बदलने की शुरूआत घाटशिला भाजपा प्रत्याशी की जीता कर करे। बीते पांच साल व एक साल के कार्यकाल को जोड़ दिया जाए झारखंड को लूटने का काम ही हुआ है। बालू माफिया, पत्थर माफिया समेत घुसपैठियों से बचाने के लिए घाटशिला के उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करे। उन्होंने कहा कि अपराधियों से भी बचाना है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में जाति, आय प्रमाण पत्र, मृत्यु के लिए बिना पैसे का काम नहीं होता। अधिकारी खुलेआम कहते है घुस देकर आए है,बिना



दक्षिणा का काम करेंगे। राज्य में घूसखोरों का आलम है। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री सह भाजपा नेता चंपई सोरेन ने कहा कि जहां भी क्षेत्र का दौरा कर रहे है जनता बुनियादी जरूरतों से जूझ रही है। बदहाल सड़क , पानी, बिजली जैसी समस्याएं विकराल रूप ले ली है।ऐसे में घाटशिला उपचुनाव में बदलाव की जरूरत है। भाजपा जीतेगी तब ही घाटशिला में विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह ने की।

**राज्य में 29 प्रतिशत वोट बढ़ा/ अभय सिंह**

जादूगोड़ा :केन्द्र सरकार ने राज्य में बेहतरीन के लिए व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 2700 करोड़ का अनुदान दिया जिसकी वजह से एक _ एक माइनस आहिस्ता आहिस्ता खुलने लगा है।

बच्चों के भविष्य की सुरक्षा प्रधानमंत्री कर रहे है। उन्होंने आगे कहा कि 29 प्रतिशत वोटमुस्लिमों की बढ़ गई। जबकि हिंदुओं का 5 प्रतिशत बढ़ा जो चिंता का विषय है।फुलपाल में झारखंड का सबसे बड़ा मस्जिद बन रहा।

**कार्यक्रम में उपस्थित लोग**

जादूगोड़ा : इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी घाटशिला विधानसभा प्रभारी, अभय सिंह, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गगराई,, डॉ सुनीता सोरेन, गुरुचरण रजवाड़,लखन मार्डी ,,मनोज प्रताप सिंह,विक्रम सिंह लखन माडी ःकेदार नाथ मिश्रा, सुरेश साहू, रोहित सिंह परमार समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### सरायकेला-खरसावां पुलिस की कार्रवाई : 11 वांछित अपराधी गिरफ्तार, कई की हुई सत्यापन जांच



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरायकेला** : जिले में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसावां के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 11 अपराधियों/वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और अंचल निरीक्षक के नेतृत्व में कई टीमों ने भाग लिया।

पुलिस ने आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, हत्या, नक्सल और उत्पाद अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में आरोपपत्रित अपराधियों का सत्यापन भी किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में नुरूल इस्लाम, शाबीर हुसैन, हरिपद ज्योतिषि, अधीर कुमार प्रधान, टुना सोरेन, गोपाल सरकार, मोटु हाजाम, निरंजन दास, नारायण सरदार, भूषण मुर्मू और विष्णु महतो शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि ऐसे विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

### घाटशिला उपचुनाव को लेकर जादूगोड़ा पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, कई लीटर विदेशी शराब बरामद, चाटीकोचा से विक्रम मंदिया गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा** ; घाटशिला उपचुनाव को लेकर जादूगोड़ा पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है।इधर इस कार्रवाई के बाद दारू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।इस बाबत जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने कहा कि जादूगोड़ा थाना अंतर्गत ग्राम चाटीकोचा में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी कर केन बीयर 500 ह्न -33 पीस एवं विदेशी शराब-180 ह्न -14 पीस बरामद किया गया तथा उन्होंने आगे कहा कि उक्त कार्रवाई को लेकर जादुगोड़ा थाना कांड संख्या -60/25, दिनांक -12/10/2025, धारा -274/275/292 इठर & 47(अ) उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत कांड दर्ज कर प्राथमिक अभियुक्त विक्रम मूंदिया पिता सोंगा मूंदिया ग्राम चाटीकोचा थाना जादूगोड़ा को गिरफ्तार कर घाटशिला जेल भेजा गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### 14 अक्टूबर को गोइलकेरा में देवेंद्र माझी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मनोहरपुर** - जल, जंगल और जमीन आंदोलन के प्रणेता स्व. देवेंद्र माझी की शहादत दिवस पर 14 अक्टूबर को गोइलकेरा हाट मैदान में विराट श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में राज्य के कई मंत्री, विधायक और झामुमो के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सांसद जोबा माझी ने मनोहरपुर के हाजरा परिसर में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने श्रद्धांजलि सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए और अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

सांसद ने वाहन व्यवस्था व अन्य सुविधाओं की समीक्षा की। बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव सहित कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### घाटशिला उपचुनाव के बाद सोपोडेरा में होगा जदयू का भव्य मिलन समारोह



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** ।घाटशिला उपचुनाव के बाद जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के परसुडीह अंतर्गत सोपोडेरा में जदयू का भव्य मिलन समारोह आयोजित होगा। इसकी जानकारी जदयू युवा नेता यशवंत शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पाठक और नगर सचिव विकास कुमार उपस्थित रहे।

यशवंत शुक्ला ने बताया कि परसुडीह, सोपोडेरा और कुमीटोला क्षेत्र से सैकड़ों लोग विधायक सरयू राय की नीतियों से प्रभावित होकर जदयू से जुड़ेंगे।

हेमंत पाठक ने कहा कि सरयू राय जनहित, पारदर्शिता और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं, जिनसे प्रेरित होकर युवा पार्टी से जुड़ रहे हैं।

विकास कुमार ने कहा कि जदयू में सभी समाजों का स्वागत है और संगठन को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है।

बैठक में सनी मछुआ, सोनू मछुआ, अंशु कुमार, राजेश पांडेय, दीपक चौधरी, प्रीतम सिंह, अविनाश कुमार, संजीत हेम्ब्रम, विशाल गोप, अनिकेत कुमार, अभिषेक कुमार, अंकर शर्मा व मंटू सतुआ सहित कई युवा समाजसेवी उपस्थित थे।

# जादूगोड़ा यूसील कॉलोनी में डस्टबिनों से फैल रही गंदगी, कर्मियों को हो रही भारी परेशानी

राष्ट्र संवाद मुख्य संवाददाता

**दीपावली से पहले सफाई व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, लोगों ने ठेकेदार पर लापरवाही का लगाया आरोप**



**जादूगोड़ा** : यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसील) कॉलोनी में गंदगी की समस्या बढ़ती जा रही है। कॉलोनी के विभिन्न इलाकों में लगे डस्टबिन लंबे समय से भरे पड़े हैं, जिससे दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। दीपावली से पहले सफाई में जुटे यूसील कर्मियों और परिवारों को इससे भारी परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यूसील प्रबंधन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन ठेकेदार द्वारा सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। पुराने और खुले डस्टबिनों के कारण कचरा चारों ओर फैल जाता है, जिससे वातावरण अस्वस्थ हो गया है।

कर्मियों ने सुझाव दिया है कि कॉलोनी में सूखा और गीला कचरा निपटान के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पुराने डस्टबिनों के मरम्मतीकरण और बंद ढक्कन वाले डस्टबिन लगाने की भी मांग की है।कॉलोनी की अन्य समस्याओं पर भी कर्मियों ने चिंता जताई। कई क्वार्टर जर्जर स्थिति में हैं और खुले बिजली के तार दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। यूसील अधिकारी राकेश कुमार ने हाल ही में सी-टाइप हॉस्टल का निरीक्षण कर संपदा विभाग को जीर्णोद्धार का निर्देश दिया है।

वहीं, अधिकारी तपाधिर भट्टाचार्य ने कॉलोनीवासियों से अपील की है कि वे घर की गंदगी डस्टबिन में ही डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

# झारखंड-ओडिशा सीमा पर हाथियों का आतंक: 29 जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, युवक की दर्दनाक मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**भाभी ने पाइप में छिपकर बचाई जान**

**चाईबासा/क्योंझर।** झारखंड-ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक चरम पर है। चाईबासा और ओडिशा के क्योंझर जिला के बीच फैले वन क्षेत्र में 29 हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से उत्पात मचा रहा है। शनिवार शाम इस झुंड के हमले में नोवामुंडी थाना क्षेत्र के जामपानी निवासी 19 वर्षीय दीपेश नायक की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार दीपेश नायक रुगड़ी गुवाली में काम करता था और इन दिनों छुट्टी में अपने घर आया हुआ था। शनिवार शाम करीब 7 बजे वह अपनी



भाभी के साथ बाइक से अपने गाँव लौट रहा था। तभी तितरबिल नारायणपुर चौक के पास अचानक हाथियों का झुंड सामने आ गया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, एक हाथी ने दीपेश को सूंड में पकड़कर जमीन पर पटक दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

दीपेश की भाभी किसी तरह बाइक से गिरकर पास की पाइप में छिप गई और अपनी जान बचाने में सफल रहीं। बाद में उन्होंने पास के ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुँचे और विलायपदा पुलिस चौकी तथा वन विभाग को सूचित किया।

पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चंपुआ अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से यही हाथियों का झुंड इस इलाके में घूम रहा है और अब तक दो से अधिक लोगों की जान ले चुका है।

हाथियों के लगातार हमलों से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। फसलों को भी भारी नुकसान पहुँच रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि हाथी आतंक से राहत दिलाने के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएं।

# यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के नए CMD डॉ. कचम आनंद राव ने नया प्रोजेक्ट में दिखाई तत्परता

राष्ट्र संवाद मुख्य संवाददाता

**राजस्थान के मुख्य सचिव से मुलाकात, रोहिल यूरेनियम परियोजना की प्रगति पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा**



**जादूगोड़ा** : यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के नए चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कचम आनंद राव ने कार्यभार ग्रहण करते ही नए प्रोजेक्ट्स को लेकर सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में उन्होंने 9 अक्टूबर 2025 को राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की और सीकर जिले में प्रस्तावित रोहिल यूरेनियम परियोजना से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों और खान विभाग से प्राप्त आशय पत्र के विस्तार पर मुख्य रूप से विचार-विमर्श हुआ। सीएमडी और मुख्य सचिव दोनों ने परियोजना की समयसीमा के भीतर प्रगति सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि यह पहल क्षेत्रीय आर्थिक विकास और देश की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

बैठक में यूसीआईएल और राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें निदेशक (तकनीकी) मनोज कुमार, कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएँ) मनोज कुमार सिंघई, महाप्रबंधक (सिविल) आर.के. मिश्रा, मुख्य अधीक्षक (खान) हेमंत मंडा, और राज्य सरकार की ओर से संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव शामिल थे।रोहिल परियोजना यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की एक प्रमुख पहल है, जो परमाणु खनिज निदेशालय, भारत सरकार के साथ समझौते के तहत विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य भारत की बढ़ती यूरेनियम मांग को पूरा करने के लिए यूरेनियम अयस्क की खोज और खनन को बढ़ावा देना है।

इस परियोजना के तहत 2500 मीट्रिक टन प्रति दिन क्षमता वाले खान और प्रसंस्करण संयंत्र (मिल) की स्थापना का प्रस्ताव है। रोहिल के अलावा गोगी (कर्नाटक) और लांबापुर (तेलंगाना) जैसी अन्य परियोजनाएं भी इस विस्तार योजना का हिस्सा हैं।

डॉ. राव ने स्पष्ट किया है कि उनके नेतृत्व में यूसीआईएल देश की ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और नई परियोजनाओं की गति तेज करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

# चाईबासा में नक्सली आतंक: भाकपा माओवादी ने एयरटेल टावर को उड़ाया, सुरक्षा बलों पर चार विस्फोटों के बाद दहशत का माहौल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों का आतंक एक बार फिर सिर उठा रहा है। भाकपा माओवादी संगठन द्वारा मनाए जा रहे प्रतिरोध सप्ताह के तहत शनिवार रात से रविवार की अहले सुबह के बीच नक्सलियों ने कोलबोंगा गांव में एक एयरटेल मोबाइल टावर में आगजनी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है।गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले, शुक्रवार को नक्सलियों ने क्षेत्र में चार धमाके किए थे, जिसमें एक हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर शहीद हो गए थे और दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए थे। दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, नक्सली संगठन इस सप्ताह प्रतिरोध सप्ताह मना रहा है और इसी क्रम में सरकार तथा सुरक्षा बलों के खिलाफ हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। मोबाइल नेटवर्क बाधित करने और सुरक्षा बलों की गतिविधियों को प्रभावित करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने एयरटेल टावर में आग लगा दी।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। फिलहाल क्षेत्र में संचार सेवाएं ठप हैं और ग्रामीणों में भय एवं असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# चाईबासा: आखिर जिसका डर था वही हुआ, पहले भी दो हाथियों की हो चुकी है इलाज के दौरान मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सारंडा जंगल में घायल हथिनी के जख्मी पैर का कल किया गया था सफल ऑपरेशन। आईईडी बम के ऊपर पैर पड़ने से विस्फोट के चपेट में आकर घायल हो गई थी हथिनी**





चाईबासा के सारंडा जंगल में घायल हथिनी की मौत हो गई है। कल घायल हथिनी के जख्मी पैर का ऑपरेशन किया गया था। आईईडी बम के ऊपर पैर पड़ने से विस्फोट के चपेट में आकर हथिनी घायल हो गई थी। जिसका वनतारा और वन विभाग की मेडिकल टीम पिछले करीब पांच छह दिनों से कर रही थी।

कल हथिनी को ट्रेंकुलाइज कर गुवाहाटी के हाथी चिकित्सा विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ० कुशल कुंवर सरमा और वनतारा के दो डॉक्टरों ने हथिनी के जख्मी पैर सफल ऑपरेशन किया था। जिसके बाद घायल हथिनी के हालत में जल्द सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन घायल होने के बाद जल्द ईलाज नहीं होन पाने से खून के रिसाव से हथिनी काफी कमजोर हो गई थी और वो जिंदगी की जंग हार गई।

# AIDYO जिला स्तरीय सम्मेलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से सरायकेला-खरसावां जिले का तीसरा जिला सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। यह सम्मेलन युवाओं के बीच संगठन को सशक्त करने और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से लड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन उदय तंतुवाई ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजू कुमार के द्वारा दिया गया।सम्मेलन में AIDYO ऑल इंडिया काउंसिल मेंबर स्वदेश प्रियो महतो और राज्य उपाध्यक्ष पतित पावन कुईला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न





क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा साथी शामिल हुए। सम्मेलन में संगठन की नई जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें –जिला अध्यक्षः उदय तंतुवाई सचिवः देवा मुर्खी उपाध्यक्षः राजू कुमार, एमपी सिंह सरदार कोषाध्यक्षः संदीप कुमार का चयन किया गया।

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि आज देश गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट से गुजर रहा है। बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, और उद्योगों में छंटनी जैसी समस्याओं ने युवाओं को गहरे संकट में डाल दिया है।सरायकेला जिला भी इन परिस्थितियों से अछूता नहीं है। एक ओर नए उद्योग खुल रहे हैं, तो दूसरी ओर पुराने उद्योग बंद या डाउनसाइजिंग की नीति से प्रभावित हो रहे हैं।वक्ताओं ने यह भी कहा कि काम के अभाव में युवा पलायन को मजबूर हैं, जबकि कुछ नशाखोरी, जुआ और अन्य सामाजिक बुराइयों की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को भरने में लापरवाही, प्रश्न पत्र लीक और भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई।

# भव्य स्वागत समारोह में गूंजा जय भाजपा, जय आदित्य साहू का नारा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश के माननीय कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री आदित्य साहू के प्रथम बार जमशेदपुर आगमन पर आज एक भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक श्री नीरज सिंह के नेतृत्व में गरिमा और अनुशासनपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम स्थल डोबो पुल के पास स्थित था, जहाँ हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग एवं समाजसेवी अपने नेता के स्वागत में उमड़ पड़े। पूरा मार्ग ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लजय भाजपाह्व, ह्लजय आदित्य साहूह्व के नारों से गूंज उठा और वातावरण उत्साह एवं देशभक्ति से भर गया।

स्वागत समारोह के दौरान कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा, जयकारों और पारंपरिक रीति से अभिनंदन कर श्री साहू का स्वागत किया। तत्पश्चात वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित



श्री आदित्य साहू ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा बल उसके समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्व के मंत्र को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्यरत है।

कार्यक्रम के संयोजक श्री नीरज सिंह ने कहा कि यह आयोजन भाजपा की संगठनात्मक शक्ति, एकता और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू जी का नेतृत्व झारखंड भाजपा में नई ऊर्जा और दिशा लेकर आया है। यह समारोह केवल स्वागत नहीं, बल्कि भाजपा परिवार की एकजुटता और जनता के प्रति समर्पण का प्रदर्शन है।

# दुकानदार सर्दी-खांसी की दवा देने से कतरा रहे, 150 रुपए की दवा के लिए डॉक्टर का शुल्क 300 रुपए

राष्ट्र संवाद ब्यूरो कमाल अहमद

### डॉक्टर के पर्ची के बिना नहीं मिल रहा सर्दी खांसी की दवा

**कोरबा:-** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्वास्थ्य विभाग के मौखिक आदेश का हवाला देकर शहर के बड़े दवा दुकानदारों ने डॉक्टरी सलाह के बिना युवा या बुजुर्गों को सर्दी खांसी की दवाइयों की बिक्री रोक दी है। इससे मरीज परेशान हैं। दवा दुकानों में उनकी तीखी बहस हो रही है।

**सर्दी-खांसी की दवा नहीं दे रहे दुकानदार**

मध्यप्रदेश और राजस्थान में जहरीली सिरप पीने से बच्चों की हुई मौत के बाद केन्द्र सरकार ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए बिना डॉक्टरी सलाह दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को खांसी सिरप या सर्दी-जुकाम की दवाइयों की ब्रिकी पर रोक लगा दिया है। इसका हवाला देकर कोरबा के स्वास्थ्य विभाग ने ड्रग कंट्रोलर के जरिए एक और मौखिक आदेश जारी किया है।

इसमें दवा दुकानदारों से कहा गया है कि वे सर्दी खांसी की दवाइयां किसी भी उम्र के लोगों को डॉक्टरी सलाह के बिना नहीं बेचें। स्वास्थ्य विभाग के इस फरमान से वे लोग काफी परेशान हैं, जिन्हें हल्दी सर्दी-खांसी है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई को एक तरफा और सर्दी खांसी जैसी बीमारी के विपरित मान रहे हैं। इधर दुकानदारों का कहना है कि भारत में ऐसा कोई लिखित नियम नहीं है जिसमें सर्दी-खांसी की दवाईयां बिना डॉक्टरी सलाह देने पर रोक हो।

सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी ने कहा की दो साल उम्र से आयु के बच्चों को बिना डॉक्टरी सलाह सर्री खांसी की गोली या सिरप देने पर रोक लगाई गई है। दवा दुकानदारों से कहा गया है कि वे किसी भी उम्र के लोगों को डॉक्टरी पर्ची देखे बिना सर्दी खांसी की दवाइयां न बेचे। अभी तक ये दवाइयां बिक रही थी। इसमें सुधार किया जा रहा है। जगह- जगह सरकारी अस्पताल है, लोगों को जाकर दवा लिखवानी चाहिए।

**करीब 150 रुपए की दवा के लिए डॉक्टरों का परामर्श शुल्क 300 रुपए तक**

कोरबा या अन्य उपनगरीय क्षेत्रों में सर्दी खांसी जैसी मौसमी बीमारियों को ठीक करने के लिए लोग पहले दवा दुकानों में पहुंचकर अपने से दवा खरीदते हैं। इन दवाइयों से अक्सर उनकी सर्दी खांसी ठीक हो जाती है। उनका कहना है कि बाजार से 100 से 150 रुपए की दवा लेकर ठीक हो जाते हैं। कई बार स्वयं से खरीदी गई दवा से जब ठीक नहीं होते तो निजी डॉक्टरों से क्लीनिक या अस्पताल में संपर्क करते हैं।

डॉक्टर मरीज की लक्षण के आधार पर दवाइयां लिखते हैं। अगर बिना किए जांच दवा लिखते हैं, तो यह दवा 100 से 200 रुपए तक मिल जाती है। अभी कोरबा में अधिकांश डॉक्टरों की परामर्श शुल्क 300 से भी अधिक है। गरीब मरीजों के लिए यहीं चिंता का कारण है। जितने की दवा नहीं है, उससे अधिक डॉक्टरों का परामर्श शुल्क हो रहा है।डॉक्टर मरीज की लक्षण के आधार पर दवाइयां लिखते हैं। अगर बिना किए जांच दवा लिखते हैं, तो यह दवा 100 से 200 रुपए तक मिल जाती है। अभी कोरबा में अधिकांश डॉक्टरों की परामर्श शुल्क 300 से भी अधिक है। गरीब मरीजों के लिए यहीं चिंता का कारण है।

## स्कूल के लिए निकले दो सगे भाई एक साथ लापता, अपहरण का मामला दर्ज

**शिमला, एजेंसी।** घर से स्कूल के लिए निकले से दो नाबालिग छात्र रहयमयी तरीके से लापता हो गए। दोनों नाबालिग छात्र सगे भाई हैं और उनके एक साथ लापता होने की घटना ने परिजनों को चिंता में डाल दिया है। 14 व 15 साल के दोनों भाइयों की पिछले तीन दिन से कोई खबर नहीं है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला शिमला जिला के रोहड़ू उपमण्डल के तहत चिडग़ांव थाना क्षेत्र का है। चिडग़ांव के गांव टेलगा, डाकघर खाशाधर निवासी माशू ने पुलिस थाना चिडग़ांव में दी शिकायत में बताया कि उनके नाबालिग बेटे भीम सिंह और बलदेव, जिनकी उम्र क्रमशः 14 और 15 वर्ष है। ये दोनों 9 अक्तूबर की सुबह करीब 9 बजे पढ़ाई के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंधा गए थे। लेकिन वे शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने बच्चों की तलाश आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी ने उनके बच्चों का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों लापता बच्चों की तलाश की जा रही है। इसके लिए आसपास के क्षेत्रों में सघन खोज अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## नूरपुर में 6 किलो चरस के साथ तीन नशा तस्कर गिरफ्तार



**धर्मशाला, एजेंसी।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही अमल में लाते हुये नूरपुर के समीप कंडवाल में तीन कार सवार नशा तस्करों से 6 किलो चरस की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस थाना नूरपुर के अधीन कंडवाल में शनिवार रात को नांकाबदी के दौरान टेम्परेरी नम्बर गाड़ी नम्बर की आल्टो कार में सवार अनु कुमार पुत्र धनी राम निवासी गांव त्ररेला डाकखाना बल्ह, तहसील पधर जिला मंडी, सुरेश कुमार पुत्र सुख राम निवासी गांव द्रोण तहसील पधर जिला मंडी व राम लाल पुत्र कली राम निवासी गांव द्रोण तहसील पधर जिला मंडी के कब्जे से 6 किलो 44 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जिस पर उपरोक्त आरोपितों के विरुद्ध थाना नूरपुर मामला दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।भविष्य मे भी जिला पुलिस नूरपुर का नशे के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

## मुख्यमंत्री सरमा ने शुरू की 'सीएम-फ्लाइट' योजना - विदेशी भाषा कौशल से सशक्त होंगे असम के युवा



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने आज गुवाहाटी में मुख्यमंत्री की विदेशी भाषा पहल फॉर ग्लोबल ह्यूमन टैलेंट (सीएम-फ्लाइट) योजना की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के युवाओं को विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण देकर उन्हें वैश्विक रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल असम के युवाओं को विदेशी भाषाओं में दक्ष बनाएगी, जिससे वे विश्वभर में रोजगार प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। कार्यक्रम के पहले चरण में 180 युवाओं को जापानी भाषा के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रशिक्षण, रोजगार सहयोग और आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस पहल से भारत-जापान सहयोग और गहरा होगा तथा असम और जापान के बीच मानवीय संबंधों में मजबूती आएगी। यह प्रशिक्षण गुवाहाटी स्थित नॉर्थ ईस्ट स्किल सेंटर में आसियान वन और अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को जापान के प्रतिष्ठित कार्यक्षेत्रों में रोजगार के लिए तैयार करना और उनके करियर की संभावनाओं को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चाय बागान से तेंदुए का शव बरामद

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** सिलीगुड़ी महकमा के खोरीबाड़ी स्थित एक चाय बागान से एक वयस्क तेंदुए का शव बरामद हुआ है। इस घटना से सचिंद्र चंद्र चाय बागान में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्गा पूजा के बाद रविवार सुबह मजदूर चाय बागान के पांच नंबर सेक्शन में चाय की पत्ती तोड़ने गए थे। पत्ते तोड़ते समय दुर्गंध आने पर उन्हें शक हुआ। इसके बाद उन्होंने चाय के पेड़ों के बीच एक तेंदुए का शव पड़ा देखा। मजदूरों में तुरंत दहशत फैल गई। इसके बाद उन्होंने चाय बागान के प्रबंधक को सूचना दी। जिसके बाद बागान के अधिकारियों ने वन विभाग को सूचित किया। खबर मिलते ही घोषपुकुर रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंचे।खबर फैलते ही तेंदुए को देखने के लिए काफी लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि चाय बागान में कई तेंदुए हैं। कभी-कभी मजदूरों को चाय बागान की सड़क पर तेंदुआ दिखाई देते है। मजदूरों की मांग है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने की व्यवस्था करे। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, वन कर्मियों ने तेंदुए का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन विभाग ने कहा कि तेंदुए की मौत का असली कारण पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा।

## मुंबई और उत्तर प्रदेश में 7.1 करोड़ रुपये की ड्रग्स ज़ब्त, 9 गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की मुंबई क्राइम ब्रांच के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने मुंबई और उत्तर प्रदेश में 6 जगहों पर छापेमारी कर 7 करोड़ 1 लाख रुपये की ड्रग्स ज़ब्त की है। इस मामले में कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के एंटी-नारकोटिक्स सेल के पुलिस उपायुक्त नवनाथ धावले ने रविवार को बताया कि उनकी टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर सांताक्रूज़ ईस्ट वकोला में एक नाइजीरियाई व्यक्ति कोकीन बेचते हुए गिरफ्तार किया था। इसके पास से 523 ग्राम और 5 करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की कोकीन ज़ब्त की गई थी। इसके बाद उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने कुर्ला सीएसटी, मझगांव, घोड़पदेव, भायखला, बोरीवली से 5 लोगों को 54 लाख 64 हज़ार रुपये मूल्य के 211 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया। बाद में घाटकोपर यूनिट में दर्ज एक मामले के सिलसिले में उत्तर प्रदेश में एक अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 1 करोड़ 35 लाख रुपये मूल्य के ड्रग्स जब्त किए गए।

## जींद में कई संगठनों ने प्रदेश के राज्यपाल को ई-मेल से ज्ञापन भेजा

**जींद,एजेंसी।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा, सीआईटीयू, दलित अधिकार मंच और अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने शनिवार को आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या को लेकर प्रदेश के राज्यपाल को ई-मेल के माध्यम से ज्ञापन भेजा और सख्त कार्रवाई मांग की । संगठन पदाधिकारियों - संदीप जाजवान, नूतन प्रकाश ने बताया कि शनिवार को सरकारी अवकाश होने के कारण राज्यपाल कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से ज्ञापन सौंपना संभव नही था।

## चार साल की तलाश के बाद आर्थिक अपराधी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** क्राइम ब्रांच कश्मीर की आर्थिक अपराध शाखा ने रेशी मोहल्ला, खार दूरी, शहीद गंज, श्रीनगर निवासी खालिद साहनी पुत्र फारूक साहनी के खिलाफ लंबे समय से लंबित वारंट को सफलतापूर्वक तामील किया है। एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा, ÷यह वारंट न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, वैलू, जिला अनंतनाग की अदालत द्वारा 03.12.2021 को धारा 512 सीआरपीसी के तहत, पुलिस स्टेशन क्राइम ब्रांच कश्मीर में दर्ज एफआईआर संख्या 38/2018, धारा 419 और 420 आरपीसी के संबंध में जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि आरोपी व्यक्ति पिछले चार वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहा था। बयान में आगे कहा गया है, ÷विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर आर्थिक अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच कश्मीर) ने 10 अक्टूबर, 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे आज अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद अदालत ने उसकी न्यायिक हिरासत का आदेश दिया और उसे श्रीनगर सेंट्रल जेल में रखने का निर्देश दिया। इस गिरफ्तारी के साथ, लंबे समय से लंबित 512 सीआरपीसी वारंट को सफलतापूर्वक तामील किया गया है, जो वित्तीय धोखाधड़ी के इस मामले में न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्राइम ब्रांच कश्मीर ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि आर्थिक अपराधों में शामिल अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए, चाहे वे कानून से बचने की कितनी भी कोशिश क्यों न करे।

## मेडिकल संचालक समेत तीन नशा तस्कर दबोचे सैकड़ों नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद

**हरिद्वार, एजेंसी।** त्योहारी सीजन के मद्देनजर चल रहे ऑपरेशन लगाम के तहत लक्सर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में मेडिकल संचालक सहित तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में नशीले कैप्सूल और टैबलेट बरामद किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस में कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने चेकिंग के दौरान मेडिकल संचालक आरिफ पुत्र नूर अली निवासी सुल्तानपुर लक्सर तथा उसके साथी समीर अली पुत्र यूनुस निवासी दौड़बसी नसीरपुर थाना पथरी हरिद्वार को अवैध नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया।



पूछताछ में सामने आया कि आरिफ मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं की तस्करी करता था और युवाओं को नशे की कैप्सूल सप्लाई करता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 168 नशीले कैप्सूल, नगद 1000 और दो मोबाइल फोन बरामद किए। दोनों के खिलाफ कोतवाली लक्सर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में साजिद अली पुत्र शौकीन निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी, थाना लक्सर को 270 अवैध नशीली टैबलेट्स के साथ गिरफ्तार किया। लक्सर पुलिस द्वारा की गई इन लगातार कार्यवाहियों से क्षेत्र के नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार के अनुसार, क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की सघन चेकिंग और गश्त अभियान चलाया जा रहा है और जो आगे भी जारी रहेगा। अभियान के दौरान तीन लोगों को नशीली दवाई व कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार कर उनका चालान किया गया।

## वाराणसी: रीवा हाईवे पर ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत व एक गंभीर

**मीरजापुर,एजेंसी।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के चेरूईराम गांव के पास वाराणसीङ्गरीवा हाईवे पर शनिवार की देर रात एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवारों को कुचल दिया। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे तीन युवक एक बाइक से चेरूईराम जैलाल गांव से खुर्दा गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मीरजापुर से रीवा की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

घटना की सूचना पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान निनवार दक्षिण गांव निवासी मंगला (38) पुत्र कन्हैया लाल और अश्वनी उर्फ सूरज (27) पुत्र कुंज बिहारी के रूप में हुई है। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल सुरेश (27) पुत्र शिव बाबू को मंडलीय अस्पताल मीरजापुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की खबर से मृतकों के घरों में कोहराम मच गया।

थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हादसे के जिम्मेदार वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

## शिमला में चिट्टा तस्करी के दो मामले दर्ज, एक गिरफ्तार, एक को नोटिस पर छोड़ा

**शिमला, एजेंसी।** शिमला जिला में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे को नोटिस जारी कर छोड़ा गया है। पहला मामला शिमला के सदर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार शनिवार देर शाम एसआई हेमराज नेगी अपनी टीम के साथ पुराना बस अड्डा शिमला के नीचे चौहान गेस्ट हाउस के पास गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालात में घूम रहे एक युवक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से 10.710 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। आरोपी की पहचान रमनदीप सिंह (24) पुत्र गुरजंत सिंह निवासी हरलालपुर, जिला फतेहगढ़ साहिब, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरा मामला शिमला जिला के ठियोग थाना क्षेत्र का है। शनिवार को पुलिस टीम फागू पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल विजय की अगुवाई में एनएच-05 से गल्लू स्थित एडवेंचर रिजॉर्ट की ओर जाने वाली सड़क पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक से 2.04 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। आरोपी की पहचान लवेश देव उर्फ टिट्टू (29) पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव चौकी, डाकघर कुफरी, जिला शिमला के रूप में हुई है। चिट्टे की मात्रा कम होने के कारण पुलिस ने आरोपी को नोटिस जारी कर छोड़ा है और मामले की जांच जारी है।

## सूदखोरों से परेशान सरकारी अधिकारी ने आत्महत्या की

**झुंझुनू, एजेंसी।** झुंझुनू शहर में सदर थाना इलाके के चूरू बाईपास स्थित बीरबल मार्केट में रविवार को एक सरकारी अधिकारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने चार पेज के सुसाइड नोट में सूदखोरों पर परेशान करने का आरोप लगाते हुये लिखा कि ये ब्याज पर ब्याज जोड़ते रहे और फिर भी मैं करोड़ों रुपए भरता रहा। मैं थक गया हूं मैंने सब कुछ लौटाया लेकिन सूदखोरों ने चैन से जीने नहीं दिया। कोतवाली थाने के एएसआई रतनलाल ने बताया कि सुरेश सैन (54) महिला अधिकारिता विभाग



मे सहायक प्रशासनिक अधिकारी थे। परिजनों की रिपोर्ट पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह सूचना मिली थी कि बीरबल मार्केट के बेसमेंट में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। मौके पर 4 पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ। सुरेश के जीजा की शिकायत के आधार पर 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुसाइड नोट में सुरेश ने सात लोगों के नाम लिखे हैं- सुधीर, सुरेंद्र कुमार, ताराचंद, यूनुस, विजय कुमार और दो अन्य हैं। सुरेश ने आरोपियों को सूदखोर बताया है। इसमें लिखा है कि इन लोगों से पैसे उधार लिए थे जो समय पर सब चुका दिए। इसके बावजूद इन लोगों ने ब्याज पर ब्याज जोड़कर करोड़ों रुपए की मांग जारी रखी और लगातार धमकियां दीं। मैंने इनसे लिए पैसे लौटा दिए फिर भी ये लोग मुझे कर्ज से मुक्त नहीं कर रहे।

## चुरापोस्त व हैरोइन के साथ कार सवार तीन युवक गिरफ्तार

**सोलन, एजेंसी।** सोलन पुलिस चौकी शहर की टीम ने शनिवार देर रात सोलन बस अड्डे के समीप न्यू मॉडर्न ढाबा के पास नाकाबंदी व गश्त के दौरान चंडीगढ़ की ओर से आ रही एक आल्टो कार को तलाशी के लिए रोका। जिसमें तीन युवक सवार थे, जिनके पास से नशीले पदार्थ बरामद हुए। पुलिस द्वारा जांच करने पर पाया कि 4.43 ग्राम हैरोइन व 503 ग्राम चूरापोस्त लेकर यह तीनों युवक कार में जा रहे थे । आरोपियों की पहचान 23 वर्षीय रोहित पुत्र भूप चांद, निवासी गांव साई, डाकखाना बलेरा, तहसील अर्की जिला सोलन, 27 वर्षीय तरुण पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव साई, डाकखाना बलेरा, तहसील अर्की जिला सोलन तथा 29 वर्षीय कैलाश चंद पुत्र रूप राम, निवासी गांव साई, डाकखाना बलेरा, तहसील अर्की, जिला सोलन के रूप में हुई है । पुलिस ने नशीले पदार्थों को कब्जे में लेकर थाना सदर सोलन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बरामद आल्टो कार को भी जब्त कर कब्जे में पुलिस ने ले लिया है।

## मायावती ने लखनऊ में सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर सरकार को घेरा

**लखनऊ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में घटित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दुख जताया है। उन्होंने सरकार से इस घटना का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राजधानी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना अति-दुखद व शर्मनाक है। उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिला उत्पीड़न के साथ-साथ दुष्कर्म व हत्या आदि की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख़्त ज़रूरत है। महिला सम्मान तो दूर महिलाओं की सुरक्षा पहले व अत्यन्त ज़रूरी है।

उल्लेखनीय है कि बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर को अपनी बहन से मिलने के लिए दोस्त संग घर से निकली किशोरी को रास्ते में युवकों ने पकड़ लिया। युवकों ने साथी दोस्त को मार पीटकर भगा दिया और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात अंजाम दी गई। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देर रात को आरोपित ?ललित को मुठभेड़ में और उसके साथी मेराज को दूसरे इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि इस घटना में उसके साथ विशाल गुप्ता, राजेंद्र कश्यप और शिव कश्यप शामिल थे। पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराकर अन्य आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## आउटसोर्सिंग मजदूरों के लिए वर्कशॉप में गूंजी 'स्थायीकरण' और 'शोषण मुक्ति' की मांग

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
कमाल अहमद

### कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती में वर्कशाप आयोजित

**कुसमुंडा/कोरबा:-** खनन क्षेत्र के आउटसोर्सिंग एवं अन्य ठेका कंपनियों में कार्यरत मजदूरों के कानूनी अधिकारों और शोषण मुक्ति के उपायों पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती के मंगल भवन में किया गया इस दौरान ठेका कामगारों को ठउहअ (राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता) से जोड़ने, उन्हें स्थायी करने की मांग तथा श्रमिक आंदोलनों को कुचलने की सरकारी नीतियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई ।

**हाई पावर कमेटी का विरोध, NCWA से जोड़ने की मांग**

राष्ट्रीय कोल वर्कर फेडरेशन के



महामंत्री भागवत दुबे ने अपने वक्तव्य में हाई पावर कमेटी के औचित्य पर सवाल उठाया उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे पार्लियामेंट द्वारा गठित नहीं किया गया है, अतः इसका कोई महत्व नहीं है उन्होंने पुरजोर मांग की कि ठेका कामगारों को ठउहअ (राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता) के साथ जोड़ा जाना चाहिए ।

दुबे ने एक बड़ी जानकारी देते हुए बताया कि 2008 से 2015 के बीच खनन कार्यों में लगे मजदूरों को स्थायी करने का सरकारी आदेश जारी हुआ था इस संबंध में केंद्रीय लेबर कमिश्नर के पास मामला दर्ज कराया गया है और जल्द ही निर्णय आने और मजदूरों के स्थायीकरण की उम्मीद है उन्होंने 'आउटसोर्सिंग' को मजदूरों की मजदूरी पर 'डाका' बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की उन्होंने छत्तीसगढ़ के मजदूरों से अपने अधिकारों के लिए कानूनी जानकारी में महारत हासिल करने का आह्वान किया, ताकि शोषण खत्म हो सके उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि हाई पावर कमेटी के अनुसार ठेका कामगारो के उच्च कुशल प्रकृति के श्रमिक को स्थायी कर्मचारी के कटेगरी 1 से कम वेतन क्यो मिलेगा ।

**श्रमिक आंदोलन को कुचलने की हो रही है कार्यवाही**

कोल इंडिया एसटी एससी एसोसिएशन के अध्यक्ष आर पी खांडे ने कहा कि केंद्र सरकार श्रमिक आंदोलन को खत्म करने के लिए यूनियन बनाने के अधिकार को ही बंद करा रही है और आंदोलनों को कुचलने के लिए दमनात्मक कार्यवाही की जा रही है उन्होंने चेतावनी दी कि ठेका कामगारों के बिना केंद्रीय ट्रेड यूनियनें स्वयं ही समाप्त हो जाएंगी उन्होंने समान काम समान वेतन और सुविधाओं की मांग पर ठेका कर्मचारियों के आंदोलन को मजबूत बनाने का आव्हान किया ।

# सरकारी सेवक किसी राजनीतिक आंदोलन या कार्यकलाप में भाग नहीं लेंगे :जिला पदाधिकारी

**बेगूसराय/राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय ने सभी सरकारी सेवकों के आचरण एवं कर्त्तव्य के संबंध में आदर्श आचार संहिता के तहत आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी सरकारी सेवकों के लिए कई निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें बताया गया है कि सरकारी सेवक किसी भी राजनीतिक दल या संगठन से सम्बद्ध नहीं होंगे ।

बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के नियम 6 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134ए का सभी सरकारी सेवक पालन करेंगे।

सरकारी सेवक किसी राजनीतिक आन्दोलन या कार्यकलाप में भाग नहीं लेंगे, चन्दा नहीं देंगे, और उनकी किसी प्रकार की सहायता नहीं करेंगे। निर्वाचन निधि में चन्दा देना या ऐसी निधि जमा करने में सहायता करना नियम का उल्लंघन माना जाएगा।

कर्त्तव्यस्थ सरकारी सेवकों को छोड़कर, किसी भी सरकारी सेवक का राजनीतिक सभाओं में भाग लेना निषिद्ध है।

जबतक निर्वाचन समाप्त नहीं हो जाता, कोई भी सरकारी सेवक जो निर्वाचन के संचालन और प्रबंधन से सम्बद्ध हैं, वो किसी गैर-



सरकारी व्यक्ति द्वारा आयोजित जन सभा में उपस्थित नहीं होंगे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने और कार्यवाही रिपोर्ट देने के लिए आवश्यक होने पर उपस्थिति की जा सकती है।

सरकारी सेवक निर्वाचन में प्रचार नहीं करेंगे, हस्तक्षेप नहीं करेंगे, अपने प्रभाव का प्रयोग नहीं करेंगे, या निर्वाचन में भाग नहीं लेंगे ।

जो सरकारी सेवक मतदान देने के लिए योग्य हैं, वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र हैं, किन्तु वह इस बात का आभास नहीं देंगे कि वह किस प्रकार अपने मत का प्रयोग करना चाहता है या कर चुका है।

सरकारी सेवक किसी उम्मीदवार के निर्वाचन एजेंट, मतदान एजेंट या मतगणना एजेंट के रूप में कार्य नहीं करेंगे। ऐसा करने पर तीन महीने तक के कारावास या जुमार्ना या दोनों दण्ड का भागी होना पड़ सकता है।

निर्वाचन के संचालन और प्रबंधन से सम्बद्ध सरकारी सेवक किसी व्यक्ति का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे।

सरकारी सेवक बिना भाड़े के किसी व्यक्ति का मकान इस्तेमाल नहीं करेंगे अथवा निर्वाचन लड़ने वाले किसी की गाड़ी का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

यदि किसी सरकारी सेवक के परिवार के कोई सदस्य अथवा कोई रिश्तेदार किसी ऐसे निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार हों जिसमें सरकारी सेवक पदस्थापित है, तो इसकी सूचना तुरन्त जिला दण्डाधिकारी को देने का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अगर कोई भी ऐसा मामला आता है तो अविलंब इसकी जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने सभी सरकारी कर्मियों को निदेश दिया है कि वे निर्वाचन समाप्त होने तक आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें।

# नि:शुल्क नि:संतान परामर्श शिविर का हुआ आयोजन, इंदिरा आईवीएफ बेगूसराय की पहल

**बेगूसराय राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

नगर परिषद तेघड़ा स्थित कन्हैया भवन में 12 अक्टूबर रविवार को नि:शुल्क आईवीएफ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 40 से अधिक नि:संतान दंपतियों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

चिकित्सक डॉ. मिनी कुमारी से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों और उनकी टीम ने मरीजों की जांच की और काउंसलिंग करते हुए उनके संबंधित दंपतियों के सवालों के समाधान बताए। कार्यक्रम नि:संतान दंपतियों को वर्तमान समय में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और संभावित उपचारों की जानकारी भी दी। डॉक्टर मिनी कुमारी ने टेस्ट ट्यूब बेबी पद्धति



के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह पद्धति की संतान दंपतियों के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान है। बताया गया कि उम्रदराज महिलाओं के लिए, जिनकी ट्यूब ब्लॉक हो, माहवारी बंद हो गई हो। बच्चेदानी में टीवी या गांठ हो या सामान्य रिपोर्ट के बावजूद संतान सुख नहीं मिल रहा हो उनके लिए यह एक सफल उपाय हो सकता है। इसके अलावा जिन पुरुषों के शुक्राणु की कमी हो या जिनका शुक्राणु बिल्कुल नहीं हो उनके लिए भी आईवीएफ तकनीक के द्वारा संतान सुख प्राप्त किया जा सकता है। इस शिविर में कई दंपतियों ने इलाज के लिए डॉक्टर से परामर्श लिया और इस अवसर पर लाभ उठाया।

इस शिविर को सफल बनाने में यूनिट मैनेजर राजेश कुमार एवं टीम मैनेजर दिगंबर शर्मा एवं कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। राजेश कुमार एवं दिगंबर शर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य नि:संतान दंपतियों को जागरूकता और उचित उपचार के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था।

# तेघड़ा में रेलवे के पानी भरे गड्ढे से तेघड़ा थाना पुलिस ने एक 40 वर्षीय युवक का शव किया बरामद

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

तेघड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे गुमटी संख्या 14 के नवाब गंज स्थित रेलवे के पानी भरे गड्ढे से तेघड़ा थाना पुलिस ने रविवार की सुबह करीब 40 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। तेघड़ा थाना पुलिस ने कागजी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा दिया।मृतक की पहचान भगवानपुर प्रखण्ड अंतर्गत तियाई ओपी क्षेत्र के काजीरसालपुर पंचायत के वार्ड 9 रघुनन्दनपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामलखन राय का पुत्र करीब 40 वर्षीय अजीत कुमार राय के रूप में हुई है। लोगों ने बताया कि मृतक शनिवार शाम से ही गायब था। उसे परिवार के लोग शनिवार की शाम से ही ढूंढ़ रहे थे। मृतक किसान था और गाय भैंस पालकर



अपने परिवार का जीवन यापन करता था। रविवार की सुबह पता चला कि उक्त रेलवे गड्ढा में एक लाश देखी गई है। इस घटना की सूचना तेघड़ा सी ओ, तेघड़ा थाना पुलिस को दी गई।सूचना पाकर तेघड़ा थाना पुलिस, तेघड़ा अंचल के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर तेघड़ा से गोताखोर को बुलाकर पानी भरे गड्ढे से शव को निकाला गया। तब मृतक की पहचान अजीत कुमार राय के रूप में की गई।गड्ढे से शव निकलते ही और उसकी पहचान होते ही मौके पर चीख व पुकार शुरू हो गया जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया। और पूरे गांव में अशोक की लहर दौड़ गयी।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन,रक्तदान के महोत्सव में 51 लोग बने महादानी

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

वत्स सेवा समिति प्रधान कार्यालय नया नगर दुलारपुर द्वारा तेघड़ा नेशनल हाईवे 28 स्थित मां राधा ऑटोमोबाइल परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़ चढ़कर लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के लिए सुबह 11 बजे से ही लोग जमा होने लगे थे।

रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए संयोजक रजनीश कुमार ने कहा पुण्य के लिए दान तो बहुत करते हें लेकिन जो दूसरों की जिंदगी बचाए वह महादान है। रविवार को इसे काफी संख्या में लोगों ने वत्स सेवा समिति द्वारा लगवाए गए रक्तदान शिविर में पहुंच कर चरितार्थ किया। रक्त के अभाव में किसी की जान नहीं



जाए और गरीब, निराश्रित व जिनके पास रक्तदान करने के लिए रक्तदाता नहीं हैं ऐसे जरुरतमंदों को खून मिल सके इसी भावना के साथ समाज के जिम्मेदार लोगों, समाज सेवियों ने पुनीतकार्य में भाग लेकर रक्त का महादान किया।

**सुबह ग्यारह बजे से ही जमा होने लगे थे रक्तदाता**

रक्तदान करने का जज्बा सुबह 11 बजे से ही लोगों में देखने को मिला। उत्साहित लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। रोटरी ब्लड सेंटर बेगूसराय के लैब टेक्नीशियन अशोक कुमार ,राजेश कुमार सिंह एवं पूजा कुमारी के नेतृत्व में टीम ने रक्तदान से पहले की प्रक्रिया पूरी करते हुए रक्तदाताओं के फार्म भरवाए। सामान्य परीक्षण में स्वस्थ्य मिलने के बाद रक्तदाताओं से रक्तदान कराया गया। कार्यक्रम में पहुंच कर समाजसेवी रंजीत कुंवर एवं अजीत कुमार झा ने रक्तदाताओं का उत्साह बर्धन किया। का टीम के शुभम कुमार ,आयुष कुमार, सुमंत कुमार ,मनीष कुमार ,कृष्णा कुमार, गंगोत्री एवं मधुकर द्वारा संयुक्त रूप से रक्त वीरों को बैग, अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया गया।

**रक्तदान के लिए आभार**

शिक्षिका निशांत परवीन, शिक्षक आर्यन राज, रेल ड्राइवर समीर कुमार, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद गुलजार, अजीत कुमार, अभय कुमार, मुरारी कुमार आदि ने 10 वीं बार रक्तदान कर मिशाल पेश की। सभी का वत्स सेवा समिति टीम द्वारा अभार व्यक्त किया गया।

## राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों ने एक दूसरे के खिलाफ दर्ज करवाई प्राथमिकी

**पटना/डेहरी आनसोन,**। बिहार में रोहतास जिले के डेहरी विधानसभा क्षेत्र के आयरकोठा थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव में क्षेत्र भ्रमण कर लौट रहे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दोनों तरफ से दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है।

आयरकोठा के थानाध्यक्ष शिवम कुमार के अनुसार शिवपुरी गांव से कार्यक्रम कर लौट रहे राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों के बीच हंगामा एवं मारपीट मामले में दोनों ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। घटना के वीडियो फुटेज भी प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शिवपुर गांव से कार्यक्रम पर लौट रहे राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह चिलबिला गांव गए थे। वहां विधायक से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि आप पांच वर्ष बाद यहां आए हैं। साथ ही विधायक को काली मंदिर में दर्शन करने की बात कही, जिस पर विधायक ने दर्शन करने से मना कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने विधायक की गाड़ी को रोक कर मुदार्बाद का नारा लगाना शुरू कर दिया। इससे नाराज विधायक के बाडीगार्ड और ग्रामीणों के बीच कहासुनी व मारपीट हो गई।

विधायक पर गांव के ही युवक राहुल कुमार को अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाने का आरोप है। ग्रामीणों के हल्ला हंगामा के बाद तेज रफ्तार गाड़ी से राहुल को नीचे फेंक दिया गया था, जिसमें उसे गंभीर छोट आई है। वहीं, विधायक ने बताया कि ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी पर पथराव और बॉडीगार्ड के साथ मारपीट की है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

# नौला पंचायत के जनता से रूबरू होकर आशीर्वाद ली अमिता भूषण

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**वीरपुर /बेगुसराय** पूर्व सदर बेगूसराय विधायक श्रीमती अमिता भूषण का अपने विधानसभा क्षेत्र 146 बेगुसराय के अंतर्गत पदयात्रा का सिलसिला जारी है।आज इस पदयात्रा के क्रम में श्रीमती भूषण ने वीरपुर प्रखंड के नौला पंचायत में घर घर जाकर लोगों से रूबरू होकर जनता से आशीर्वाद लिया इस दौरान श्रीमती भूषण का पंचायत के कई स्थानों पर लोगों ने स्वागत भी किया! पंचायत के सैकड़ों स्थानीय लोग नारा और झंडा लहराते हुए साथ चल रहे थे।श्रीमती भूषण ने उपस्थित स्थानीय लोगों को सरकार बनने पर रोजगार मुहैया कराने का भरोसा दिलाया।इस दौरान स्थानीय लोगों ने पंचायत में विकास योजनाओं की दयनीय स्थिति से



भी अवगत कराया। पूर्व विधायक ने कहा कि नौला हमेशा से प्रगतिशील समाज का प्रतिबिंब रहा है जो हमेशा जाती धर्म से ऊपर उठकर विकास की राजनीति के साथ खड़ा रहा है। हमने अपने कार्यकाल में जो विकास का प्रयास किया था उसे आगे भी जारी रखूँगी। आज वर्तमान जनप्रतिनिधि जिन योजनाओं और सड़कों के निर्माण का ढिंढोरा पीट रहे हैं उन योजनाओं की स्वीकृति भी हमारे कार्यकाल में हुई थी। आज उनके पास कोई ऐसी विकास की योजना गिनाने को नहीं मिल रही जिसके लिए उन्होंने इन पांच सालों में प्रयास किया हो। पंचायती राज, जिला परिषद केंद्र और राज्य की नियमित योजना से अपना रिपोर्ट कार्ड लोगों को दिखा रहे हैं। भ्रमण के दौरान श्रीमती भूषण ने गारा, बदिया, मखबा, और नौला के लगभग सभी वार्ड के लोगों से मिली। साथ में प्रखंड अध्यक्ष धर्म राज सहनी, पूर्व अध्यक्ष संजीव सिंह, कई लोग मौजूद थे।

# साधु का मतलब इंद्रियों और विकारों पर विजय प्राप्त किया हो:स्वामी चिदात्मन जी महाराज

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीहट / बेगूसराय** साधु का मतलब जो सारे इंद्रियों पर विजय प्राप्त किया हो, सारे विकार पर विजय प्राप्त किया हो, उसी को साधु कह सकते हैं ना कि जो पूरे शरीर पर चंदन लगाकर गेरुआ वस्त्र धारण कर घूमता फिरे उन्हें किसी धर्म कर्म पूजा पाठ से कोई मतलब नहीं उसे हम साधु की श्रेणी में नहीं रख सकते। जो मनुष्य धर्म का प्रचार प्रसार करता हो यज्ञ करता हो दान करता हो तप करता हो तीर्थ करता हो उसे हम साधु के श्रेणी में रख सकते हैं। इसीलिए कार्तिक महीना को सबसे शुद्ध महीना भी माना गया है। उक्त बातें शनिवार को स्वामी चिदात्मन जी महाराज ने अपने अमृतवाणी से प्रवचन के दौरान कहा। उन्होंने कहा भगवान विष्णु का सबसे प्रिय महीना कार्तिक ही कहा गया है। कार्तिक महीना में भगवान विष्णु



योग निद्रा से जगते हैं और धर्मात्माओं के ऊपर अमृत की वर्षा करते हैं ।

इस महीना में मां लक्ष्मी स्वयं धरती पर परिभ्रमण करने आती हैं तथा भक्तों को अपार धन देती है। इस महीना में धन और धर्म दोनों से संबंधित कई प्रयोग किए जाते हैं। इस महीना तुलसी का पेड़ लगाने एवं तुलसी विवाह का बहुत बड़ा महत्व है। जो कोई भी प्राणी इस पुनीत महीना में दान देता है उसे अक्षय फल की प्राप्ति होती है एवं घोर से घोर पातकी को भी सिर्फ गंगा का दर्शन करने से उनके सारे मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। उपस्थित व्यास पीठ आश्रम के व्यवस्थापक रविंद्र ब्रह्मचारी लक्ष्मणा नंद मीडिया प्रभारी नीलमणि आचार्य नारायण झा सदानंद झा राम झा श्याम झा वरुण पाठक देवेश मिश्रा स अ नि विनोद रजक, रमेश मिश्रा दिनेश झा राजेश झा अरविंद चौधरी सुनील भारद्वाज राधेश्याम चौधरी आद्या देवी, बच्ची देवी दीप्ति देवी अरुणा देवी रंजना देवी आदि उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### विधान सभा चुनाव को लेकर वाहन जांच तेज



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीहट/बेगूसराय** बरौनी थाना क्षेत्र में रविवार को जिला कप्तान के आदेशानुसार पुलिस इंस्पेक्टर विकास कुमार रंजन के नेतृत्व में अवध तिरहुत सड़क में पेप्सी प्लांट के निकट वाहन जांच चलाया गया। जिसका उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करना है।सड़क सुरक्षा के दृष्टि से मोटरसाइकिल जांच में गाड़ी के कागजात, लाइसेंस, डिक्की और कमर की जांच की गई।जिससे अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके एवं जन सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर ए एस आई पंकज कुमार व पुलिस सशस्त्र बल सक्रिय रहा

### 44 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार,एक अभियुक्त भागने में सफल

**सहरसा,** ।जिले के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र के सिसवा मुसहरी से फ्लैगा मार्च अभियान के दौरान रविवार को दो व्यक्ति के घर से सोनवर्षा पुलिस ने 44 लीटर महुआ देसी शराब बरामद किया है ।

उक्त बात सोनवर्षा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि फ्लैग मार्च अभियान के तहत गुप्त सूचना मिल की सिसवा मुसहरी में दो व्यक्ति अवैध देसी महुआ शराब का कारोबारी कर रहा जब दोनों व्यक्ति के यहां छापामारी किया गया तो दोनों व्यक्ति के घर से कल 44 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया एक व्यक्ति शंकर सादा को गिरफ्तार किया गया।जबकि एक व्यक्ति भागने में फरार रहा।

### पेट्रोल पम्प से हुए लूटकांड का दो घंटे के भीतर खुलासा, 50 हजार जाली नोट के साथ दो गिरफ्तार

**अररिया** । अररिया के जोकीहाट स्थित नाज फ्यूल सेंटर पेट्रोल पम्प में रविवार को नोजल मैन से हुए लूटकांड का पुलिस ने दो घंटे के भीतर खुलासा कर लिया।

मामले में पुलिस ने लूटकांड में शामिल दो बदमाशों को दो पिस्टल,पांच कारतूस,लूटी गई पचास हजार रुपए,घटना में प्रयुक्त अपाची बाइक,50 हजार जाली नोट के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी रविवार शाम एसपी अंजनी कुमार ने दी।

एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि जोकीहाट स्थित नाज फ्यूल सेंटर में रविवार सुबह काले रंग के अपाची बाइक पर सवार होकर दो बदमाश तीन सौ रुपए का पेट्रोल लेने के बहाने पेट्रोल पंप परआए। बाइक पर सवार बदमाशों ने कार्यरत कर्मचारी नोजल मैन पूर्णिया के सरसी वार्ड संख्या छह के रहने वाले 28 वर्षीय अरुण कुमार पिता उमेश पोद्दार को हथियार का भय दिखाकर उनसे पचास हजार रुपए लूट कर फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ सुशील कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा सीसीटीवी के फुटेज और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए जोकीहाट थाना क्षेत्र के मटियारी निवासी मो. रोजिद उर्फ सद्दाम पिता मो.शमशुल हक और मो.जाहिद पिता मो.हबीब को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त काले रंग की अपाची बाइक संख्या बीआर 38 एपी/2647 के साथ लूटी हुई पचास हजार रुपए, दो पिस्टल, 5 कारतूस, प्लास्टिक का एक लाइटर गन, एक मोबाइल बरामद किया। एसपी ने बताया कि मो. रोजिद उर्फ सद्दाम के घर में छापेमारी की क्रम में 50 हजार का जाली नोट भी बरामद किया गया। जिसकी जांच विशेष टीम के द्वारा की जा रही है।

गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने पूछताछ के क्रम में जोकीहाट थाना कांड संख्या 331/25 दिनांक 8 अक्टूबर 2025 धारा 309(6) बीएनएस में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। यह मामला जोकीहाट थाना क्षेत्र के भेभड़ा ओवरब्रिज के आगे टोल प्लाजा के पास मोबाइल छिनतई का है।

एसपी ने बताया कि पेट्रोल पंप लूटकांड मामले में जोकीहाट थाना में कांड संख्या 338/25 दिनांक 12.10.2025 धारा 309(4) बीएनएस और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।वहीं बरामद हथियार को लेकर जोकीहाट थाना में कांड संख्या 339/25 दिनांक 12.10.2025 धारा 317(4), 178 बीएनएस, 25(1-बी), 26, 35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

छापेमारी दल में जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा,एसआई रजनीकांत कुमार,इम्तियाज खान,सोनाली कुमारी,बसंत सिंह,सुभाष चन्द्रा और थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### डॉ राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर कोशी डिबेट सोसायटी गठित

**सहरसा,**। जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत कोसी इलाके में सक्रिय समग्र ग्राम सेवा समिति संगठन ने रविवार को समाजवाद के प्रणेता, राजनीति के मुखर वक्ता, महान चिंतक व नेता डा राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर कोसी डिबेट सोसाइटी का गठन किया।

इसके माध्यम से लगातार पठन-पठान और बहस की संस्कृति को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया।इससे ग्रामीण बच्चों के ज्ञान, चेतना और कौशल को भी बल मिलेगा। स्थानीय ग्रामीणों में एक आकांक्षा भी जग रही है कि उनके बच्चों में अधिक चेतना का प्रसार हो।

ग्रामीणों का कहना है पिछले महीने जब से कोसी माय पुस्तकालय का गठन हुआ है बच्चे अब खेत जाने से भी अधिक पुस्तकालय जाना पसंद करने लगे हैं। लोहिया के इस पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य वक्ता शिक्षक विक्रम कुमार का कहना है कि कोसी डिबेट सोसाइटी गांव के बच्चों के लिए कॉलेज और यूनिवर्सिटी के लिए रास्ता तैयार करेगी। जिससे उन्हें उच्च शिक्षा और स्थानीय संस्कृति को जानने में मदद मिलेगी। अन्य वक्ताओं ने डिबेट सोसाइटी के गठन को लेकर बेहतर और उच्चतर मार्ग बताया है। इस आयोजन में ग्रामीणों और नौजवानों का एक सफलतम योगदान रहा।

### आरएसएस ने शताब्दी वर्ष के अवसर पर किया शस्त्र पूजन,निकला पथ संचलन

**पूर्वी चंपारण,**। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में सुगौली नगर के शिवाजी प्रभात शाखा के तत्वावधान में रविवार को शस्त्र पूजन सह पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुगौली के भोज नगर निवासी खेमचंद ताराचंद कॉलेज रक्सौल के प्राचार्य प्रो.(डॉ.)संत साह ने आरएसएस को राष्ट्र भक्त संस्था बताते हुए कहा कि समाज में इसकी बड़ी आवश्यकता है।

उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी जी ने बताया कि सन 1925 में विजयादशमी के अवसर पर पल्लवित संघ रूपी पौधा आज सौ वर्ष में विशाल वट वृक्ष के रूप में परिलक्षित हो गया है। साथ हीं उन्होंने सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए समरस समाज के निर्माण की परिकल्पना पर मार्गदर्शन किया।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893



## यह दुखद है, भारत बनाम वेस्टइंडीज सीरीज में न चुने जाने पर बोले अभिमन्यु ईश्वरन

**नई दिल्ली, ।** भारत बनाम वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए टीम से बाहर किए जाने के बावजूद अभिमन्यु ईश्वरन भारत के लिए पदार्पण करने को लेकर अब भी उत्साहित हैं। इंग्लैंड दौरे पर वह पूरी सीरीज में बेंच पर बैठे रहे, लेकिन घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें जगह नहीं मिली। अब यह सलामी बल्लेबाज आगामी रणजी ट्रॉफी में बंगाल की कप्तानी करेगा।

**कभी-कभी यह दुख देता है, लेकिन मैं प्रेरित हूं:** रेवस्पोर्ट्ज से बातचीत में ईश्वरन ने कहा, ÷हां, कभी-कभी यह दुख देता है। आप पूरी मेहनत करते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं, और सपना मैदान पर बने रहने का होता है, अच्छा प्रदर्शन करने का, जीत में योगदान देने का। लेकिन मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरे पास एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम मेरा परिवार, दोस्त और कोच हैं। वे मुझे जमीन से जुड़े रहने और प्रेरित रहने में मदद करते हैं। फिलहाल मैं अच्छी मानसिक स्थिति में हूं और रणजी सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।÷

**15 खिलाड़ियों ने किया डेब्यू, ईश्वरन अब भी इंतजार में:** ईश्वरन ने टीम में पहली बार चुने जाने के बाद से अब तक 15 खिलाड़ियों को टेस्ट डेब्यू करते देखा है, जिनमें यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं। लगातार बेंच पर बैठने के बावजूद वह हिम्मत नहीं हार रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके दोबारा टीम में जगह बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। 30 की उम्र में भी ईश्वरन का आत्मविश्वास कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वह माइकल हसी और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेते हैं, जिन्होंने करियर में देर से डेब्यू किया लेकिन शानदार सफलता हासिल की। उन्होंने कहा, ÷मैं माइकल हसी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। ऑस्ट्रेलिया में डेब्यू करने से पहले वह घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बना रहे थे।

## रेहमत शाह ने चलते मैच में व्हीलचेयर पर छोड़ा मैदान



**अबू धाबी।** अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे ODI में रेहमत शाह (Rehmat Shah) ने अपनी टीम के लिए जोश और हिम्मत दिखाने की कोशिश की, लेकिन पिंडली की चोट ने उनके अभियान को रोक दिया। नो.4 पर बल्लेबाजी करने उतरे शाह ने 15वें ओवर में रन लेने के दौरान चोट महसूस की। उन्होंने पहले ही 11 गेंदों में 9 रन बनाए थे। चोट के बावजूद शाह ने बल्लेबाजी जारी रखने की कोशिश की, लेकिन गेंद को खेलते ही संतुलन खो दिया। टीम की मेडिकल टीम ने तुरंत उनकी देखभाल की, लेकिन उन्हें व्हीलचेयर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। यह दृश्य क्रिकेट प्रेमियों के लिए चौंकाने वाला रहा और कई लोगों ने इसे सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर किया। 32 वर्षीय शाह, जिन्होंने पहले ODI में पचास रन बनाए थे, अब तीसरे ODI में खेलने की संभावना कम है। अफगानिस्तान टीम फिजियो निर्मलन थनाबलासिंगम ने कहा कि शाह को आवश्यक जांच और इमेजिंग के बाद ही मैदान पर वापस उतारा जाएगा। इस मैच में अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ाई और टीम 190 रन पर ऑल आउट हो गई।

# महिला विश्व कप : बल्ले के बाद गेंद से नेट सेवियर ब्रंट का शानदार प्रदर्शन

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को 89 रन से हराया



**कोलंबो।** महिला विश्व कप 2025 के 12वें मैच में इंग्लैंड ने श्रीलंका को 89 रन से हरा दिया है। श्रीलंका विश्व कप में अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है। कोलंबो के आर प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 254 रन का लक्ष्य मिला था। श्रीलंका की टीम 45.4 ओवर में 164 रन पर सिमट गई और 89 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा ने 35, हर्षिता समरविक्रमा ने 33 और निलाक्षिका सिल्वा ने 23 रन की पारी खेली। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकीं।

इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टन ने बेहतरीन गेंदबाजी की। एक्लेस्टन ने 10 ओवर में 3 मेडन फेंके और सिर्फ 17 रन देते हुए 4 विकेट झटके। कप्तान नेट सवियर ब्रंट और चार्ली डीन ने 2-2, लिंसे स्मिथ और एल्सी कैप्सी ने 1-1 विकेट लिए।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 253 रन बनाए थे। कप्तान नेट सेवियर ब्रंट के 117 गेंद पर 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से बनाए 117 रन की शतकीय पारी खेली थी।

कप्तान के अलावा टैमी ब्यूमाउंट ने 29 गेंद पर 32, हिदर नाईट ने 47 गेंद पर 29 और चार्ली डिन ने 36 गेंद पर 19 रन बनाए। सभी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत मिलने के बाद भी अपनी पारी को बड़ा नहीं कर पाईं। नेट सेवियर ब्रंट ने एंकर भूमिका निभाई। वह नौंवे विकेट के रूप में आउट हुई। इस दौरान छोटी-छोटी साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर उन्होंने 253 तक पहुंचाया। श्रीलंका के लिए इनोका रानावीरा ने 10 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। वह टीम की तरफ से श्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। इसके अलावा उदेशिका प्रबोधनी ने 9 ओवर में 55 रन देकर 2, सुगंदिका कुमारी ने 10 ओवर में 66 रन देकर 2, और कविशा दिल्हाड़ी ने 8 ओवर में 34 रन देकर 1 विकेट लिए। श्रीलंका की तीसरे मैच में यह दूसरी हार है। एक मैच बारिश की वजह से धुल गया था। अंकतालिका में श्रीलंका सातवें स्थान पर है। वहीं इंग्लैंड 3 मैच में 3 जीत के साथ 6 अंक लेकर पहले स्थान पर चली गई है।

### विश्व शतरंज कप 2025

## गोवा में होगा 17 करोड़ रुपए की इनामी राशि का अंतरराष्ट्रीय महायुद्ध




**गोवा।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज फेडरेशन ने वर्ल्ड शतरंज कप 2025 के पहले राउंड के मुकाबलों की सूची जारी कर दी हैं। 17 करोड़ रुपए की इनामी राशि की यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता इतिहास में पहली बार 30 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक भारत के गोवा में आयोजित की जाएगी। पेरिस इंटरनेशनल ओलम्पिक से शतरंज एशिया महाद्वीप के महासचिव ब्रह्मचारी कुलदीप शतरंज ने बताया कि संसार के 70 से अधिक देशों से कुल 206 खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे, 50 शीर्ष वरीय खिलाड़ी सीधे दूसरे राउंड से शुरुआत करेंगे। बाकी 156 खिलाड़ी पहले राउंड में अपने स्थान के लिए संघर्ष करेंगे। भारत के अधिकतर शीर्ष खिलाड़ी दूसरे राउंड से मुक़ाबला खेलेंगे। भारतीय ओलम्पिक संघ आईओए से मान्यता प्राप्त महाभारत के भीष्म पितामह शक्तिमान मुकेश खन्ना के नेतृत्व वाली भारत सरकार से एकमात्र आयकर छुट प्राप्त हरियाणा शतरंज एसोसिएशन एचसीए के प्रदेश महासचिव ब्रहमचारी कुलदीप शतरंज ने बताया कि यह इंटरनेशनल टूर्नामेंट न केवल 20 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) की इनामी राशि के लिए खेला जाएगा, बल्कि इसके शीर्ष तीन विजेताओं को 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधी जगह भी मिलेगी।

मेजबान देश के तौर पर भारत को दो अतिरिक्त स्थान मिले हैं, जिन्हें प्रणव वेंकटेश और रौनक साधवानी को दिया गया है। दोनों की मौजूदा रेटिंग 2641 है। प्रणव 2025 विश्व जूनियर चैंपियन है जबकि रौनक भारत के सबसे युवा ग्रांडमास्टर्स में से एक है, जिन्होंने 2024 लंदन चेस मास्टर्स जीता था। इन दोनों खिलाड़ियों के जुड़ने से भारतीय चुनौती और भी मजबूत हो गई है।

विश्व चैम्पियन डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंधा, अरुण एरिगैसी, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन और कई अन्य भारतीय शीर्ष खिलाड़ी पहले ही सूची में हैं। महिला विश्व कप विजेता ग्रांडमास्टर दिव्या देशमुख को भी फीडे ने एक विशेष वाइल्डकार्ड के रूप में शामिल किया है।

**भारत में ऐतिहासिक आयोजनः** पेरिस इंटरनेशनल ओलम्पिक से शतरंज एशिया महाद्वीप के महासचिव ब्रह्मचारी कुलदीप शतरंज ने बताया कि ऐसा इतिहास में पहली बार होगा जब विश्व कप प्रतियोगिता भारत की धरती पर खेली जाएगी।

भारत के अधिकतर शीर्ष खिलाड़ी दूसरे राउंड से मुक़ाबला खेलेंगे जबकि पहले राउंड में राजा ऋत्विक कज़ाकिस्तान के नोगेरबेक कायबेक से, हर्षवर्धन जीबी तुर्की के यिलमाज मुस्तफा से, एसएल नारायनन पेरु के रोजस सालस स्टीवन से, प्रणव वी अल्जीरिया के आला एडिने से, इनियन पी क्यूबा के डाइलन ईसीडरों से, ललित बाबू नीदरलैंड के मैक्स वरमरदम से, दीप्तयन घोष चीन के पेंग क्षिओंगीयन से, कार्तिक वेंकटरामन कोलंबिया के रोबेर्टो पांतोजा से, रौनक साधवानी साउथ अफ्रीका के बररिश डेनियल से, नीलाश सहा उरुग्वे के मेरर जॉर्ज से, सूर्या शेखर गांगुली अजरबैजान के अहमद अहमदजादा से खेलेंगे और दिव्या देशमुख ग्रीस के अर्डितीस स्तमटिस से मुक़ाबला खेलेंगी।

# रन आउट खेल का हिस्सा , मेरा लक्ष्य क्रीज पर लंबा समय बिताना होता है: यशस्वी जायसवाल



**नई दिल्ली, ।** अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट के दूसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद भारतीय टीम मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। दूसरे दिन शुभमन गिल के शतक के साथ-साथ यशस्वी जायसवाल का रन आउट होना चर्चा का विषय रहा। रन आउट होने की वजह से जायसवाल अपना तीसरा दोहरा शतक लगाने से चूक गए। खेल की समाप्ति के बाद जायसवाल ने कहा, रन आउट खेल का हिस्सा है। मेरी कोशिश हमेशा क्रीज पर लंबा समय बिताने और टीम का लक्ष्य के मुताबिक खेलने की होती है। मैं क्रीज पर रहते हुए हमेशा खेल को गति देने की कोशिश करता हूं। बल्लेबाजी के लिए आते समय मेरे दिमाग में यही था कि एक घंटे बल्लेबाजी कर लूंगा तो रन बनाना आसान हो जाएगा। विकेट अभी भी बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छा है। हम बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। हमारी कोशिश वेस्टइंडीज को जल्दी से जल्दी आउट करने की है। पहले दिन 173 रन बनाकर नाबाद रहे जायसवाल से शनिवार को दोहरे शतक की उम्मीद थी, लेकिन सिर्फ 2 रन जोड़ने के बाद वह रन आउट हो गए। जायसवाल का यह सातवां टेस्ट शतक था। वह 175 रन की पारी खेलकर आउट हुए। शुभमन गिल ने अपना दसवां टेस्ट शतक लगाया। वह 129 रन बनाकर नाबाद रहे। साई सुदर्शन ने 87 रन बनाए थे। इन तीनों की पारी की बदौलत भारत ने 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित की।

दिन का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज ने 4 विकेट के नुकसान पर 140 रन बना लिए हैं। भारत से पहली पारी के आधार पर वेस्टइंडीज अभी भी 378 रन पीछे है। तीसरे दिन वेस्टइंडीज पर फॉलोऑन का खतरा होगा। पिच स्पिनरों को भरपूर मदद दे रही है। वेस्टइंडीज के गिरे सभी चार विकेट स्पिनरों ने लिए हैं। रवींद्र जडेजा ने 3 और कुलदीप यादव ने 1 विकेट लिया है।

## एशेज से पहले भारत के खिलाफ खेलने का यह सही समय है : मिशेल मार्श



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एशेज सीरीज से पहले भारत के खिलाफ खेलना उनकी टीम के लिए आदर्श और समयोचित चुनौती साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच न सिर्फ गहरी प्रतिद्वंद्विता है बल्कि पारस्परिक सम्मान भी उतना ही मजबूत है।

### भारत दौरे का पूरा शेड्यूल

**वनडे सीरीज**

पहला मैच - 19 अक्टूबर, पर्थ
दूसरा मैच - 23 अक्टूबर, एडिलेड ओवल
तीसरा मैच - 25 अक्टूबर, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड

### टी20आई सीरीज

29 अक्टूबर- कैनबरा (मनुका ओवल)
31 अक्टूबर- मेलबर्न (MCG)
2 नवंबर- होबार्ट (बेलेरिव ओवल)
6 नवंबर- गोल्ड कोस्ट स्टेडियम
8 नवंबर- ब्रिस्बेन (गाबा)

**भारत के खिलाफ खेलना हमेशा शानदार अनुभव होता है:** मिशेल मार्श ने कहा, हमारे सभी खिलाड़ी एशेज की तैयारी में जुटे होंगे, लेकिन सभी को भारत के खिलाफ खेलना पसंद है। एक टीम के तौर पर हमारे बीच शानदार प्रतिद्वंद्विता है और हम उनका बहुत सम्मान करते हैं। मुझे लगता है कि एशेज सीरीज़ से पहले भारत के खिलाफ खेलना बिल्कुल सही समय है। यह बहुत बड़ी होने वाली है।

**विश्व कप के बाद वापसी की तैयारी में ऑस्ट्रेलियाः** मार्श ने कहा कि उनकी टीम कैरेबियन और अमेरिका में हुए निराशाजनक टी20 विश्व कप प्रदर्शन से उबरने के लिए पूरी तरह तैयार है। आने वाले तीन हफ्तों में ऑस्ट्रेलिया, भारत के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज़ के ज़रिए अपनी लय और संयोजन दुरुस्त करना चाहेगा।

**भारत-ऑस्ट्रेलिया की प्रतिद्वंद्विता ने फिर बढ़ाया रोमांच:** पिछले साल की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ने यह साबित किया था कि दोनों टीमों के बीच का मुकाबला कितना तीव्र और दर्शनीय हो चुका है। मार्श ने कहा कि भारत के खिलाफ हर मैच एक बड़ी परीक्षा होती है, और यही हमें एशेज जैसी बड़ी सीरीज़ से पहले मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। दिलचस्प बात यह है कि 31 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) में खेले जाने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया टी20 मैच के लिए टिकट दो सप्ताह पहले ही पूरी तरह बिक चुके हैं, जो इस मुकाबले के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दर्शाता है।

## गिल को टेस्ट कप्तान बनाने के फैसले पर बोले कोच गंभीर, या तो डूबना होगा या सबसे बेहतरीन बनना होगा



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और वर्तमान कोच गौतम गंभीर ने खुलासा किया कि जब उन्होंने शुभमन गिल को भारत का टेस्ट कप्तान नियुक्त किया था, तब उनकी बातचीत कैसी रही। 25 साल के गिल को रोहित शर्मा के अचानक से टेस्ट क्रिकेट से रिटायर होने के बाद कप्तानी सौंपी गई थी। गंभीर ने कहा, ÷मैंने गिल से कहा कि हमने तुम्हें गहरे समुद्र में फेंक दिया है। अब तुम्हें या तो डूबना होगा या सबसे बेहतरीन तैराक बनना होगा।''

गिल ने इस चुनौती को बखूबी निभाया। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में गिल ने 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल थे, और टीम का नेतृत्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। गंभीर ने उनकी कप्तानी और दबाव संभालने की क्षमता की तारीफ की और कहा कि गिल ने अपनी सबसे कठिन परीक्षा पास कर ली है।

इस शानदार प्रदर्शन के बाद, गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ODI सीरीज में भारत का कप्तान भी नियुक्त किया गया है।

# कबड्डी कुंभ: सर्कल कबड्डी की 32वीं सीनियर चैंपियनशिप प्रारम्भ



**चंडीगढ़।** 11 से 13 अक्टूबर तक चलने वाली सर्कल कबड्डी की 32वीं राष्ट्रीय पुरुष एवं महिला चैम्पियनशिप का विधिवत उद्घाटन आज पंजाब विश्विद्यालय में हुआ जिसका आयोजन एमेच्योर सर्किल कबड्डी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के किया।

चैंपियनशिप का उद्घाटन, मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के पूर्व सांसद एवं एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ़ इंडिया सत्य पाल जैन ने किया और पंजाब विश्वविद्यालय की वाईस चांसलर प्रोफेसर रेणु विग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर पूर्व मेयर चंडीगढ़ एवं अमैच्योर सर्कल कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेजिडेंट देवेश मौदगिल तथा जनरल सेक्रेटरी (1978 से) जेपी शर्मा ने अतिथियों एवं खिलाडियों का स्वागत किया।

चैंपियनशिप प्रारम्भ की विधिवत घोषणा के बाद पूर्व सांसद एवं एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ़ इंडिया सत्य पाल जैन ने एमेच्योर सर्किल कबड्डी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया को इस राष्ट्रीय कबड्डी कुंभ के आयोजन पर बधाई दी और देश भर से आय पुरुष एवं महिला खिलाडियों को अपनी शुभकामनाएं दी, और कहा के आज युवा खेल के माध्यम से अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ कर विकसित, स्वस्थ और संपन्न भारत का निर्माण करना है। जैन ने कहा के खेलो से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और गर्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने एमेच्योर सर्किल कबड्डी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के नशे से दूर , जियो भरपूर शीर्षक के साथ इस आयोजन की प्रशंसा भी की और आय हुए खिलाडियों से नशा उन्मूलन अभियान को समाज के कोने कोने तक पहुंचने का आह्वान भी किया।

पंजाब विश्विद्यालय की वाईस चांसलर प्रोफेसर रेणु विग ने देश भर से कबड्डी कुंभ में आय खिलाडियों का पंजाब विश्विद्यालय आगमन पर स्वागत किया और खेलो के विकास के लिए अपनी हर संभव मदद का आश्वासन भी दिय । उन्होंने कहा के कहा के पंजाब विश्विद्यालय युवा खिलाड़ियों की उत्तम नर्सरी है जिसने देश को कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए है। उन्होंने कहा के खेलो के विकास के लिए भविष्य में भी सदैव पंजाब विश्वविद्यालय आधुनिक तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता रहेगा।

पूर्व मेयर चंडीगढ़ एवं अमैच्योर सर्कल कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेजिडेंट देवेश मौदगिल तथा जनरल सेक्रेटरी जेपी शर्मा ने कहा कि एमैच्योर सर्कल कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया देशभर में सर्कल कबड्डी जैसे स्वदेशी खेल के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए समर्पित प्रमुख संस्था है।

फेडरेशन के अध्यक्ष देवेश मौदगिल ने पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया जी के नशे के विरुद्ध अभियान नशे से दूर जियो भरपूर का समर्थन करते हुए कहा के ये राष्ट्रीय चैंपियनशिप नशे को रोकने के अभियान में एक अभियान और योगदान है। यह फेडरेशन न केवल जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व भी करती है। इस कबड्डी कुंभ में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, विदर्भ, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और असम की टीमें भाग लेंगी।

उद्घाटन समारोह के बाद आज तीन मैच खेले गए।

## आदिवासी इलाके से निकलकर दुनिया में छाप छोड़ने वालीं सरिता गायकवाड़, जिनकी सफलता में पीएम मोदी ने निभाया रोल



**नई दिल्ली ।** गुजरात के आदिवासी इलाके डांग से निकलकर सरिता गायकवाड़ ने भारतीय एथलीट जगत में अपनी खास पहचान बनाई है। सरिता ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ भारत को कई मेडल दिलाए हैं, लेकिन एक सुदूर आदिवासी गांव से अंतरराष्ट्रीय खेल जगत तक का सफर इतना आसान नहीं था। जब सरिता गायकवाड़ संघर्ष कर रही थीं, उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी मदद की। जैसे-जैसे सरिता बड़ी हुईं, एथलेटिक्स के प्रति उनमें जुनून पैदा हुआ। गुजरात का खेल महाकुंभ सरिता की जिंदगी में नया मोड़ लेकर आया। राज्य स्तर पर खेलते हुए सरिता ने सभी को प्रभावित किया। उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से एक जोड़ी जूते मिले। इसके अलावा, राज्य सरकार ने 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया।

सरिता ने सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म के मोदी स्टोरी हैंडल पर बताया, मैं ऐसी पृष्ठभूमि से आई हूं कि एक जोड़ी स्पोर्ट्स शूज भी नहीं खरीद सकती थी। मुझे अपने जीवन का पहला गिफ्ट मोदी जी से एक जोड़ी जूते मिले थे।

खेल महाकुंभ में शानदार प्रदर्शन के चलते गुजरात सरकार ने सरिता को 25,000 का पुरस्कार दिया था, जिसे याद करते हुए सरिता ने बताया, वह 25 हजार रुपये मेरे लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुए। इसने मुझे अपनी जिंदगी पटरी पर लाने में मदद की।

इसके बाद सरिता को एक स्पोर्ट्स हॉस्टल में एडमिशन मिला। यहां उन्हें पेशेवर कोचिंग, मेडिकल सहायता और मार्गदर्शन मिला।

1 जून 1994 को गुजरात में जन्मीं सरिता पहले खो-खो खिलाड़ी थीं, उन्होंने साल 2010 तक इसी खेल को खेला, लेकिन इसके बाद वह एक धाविका बन गईं।

सरिता गर्व और कृतज्ञता के साथ बताती हैं, मोदीजी के लड़कियों के प्रति स्नेह के कारण मेरी जिंदगी बदल गई। यह उनकी दूरदर्शिता ही थी जिसने मुझ जैसी आदिवासी लड़की को जंगल से दुनिया तक पहुंचाया। सरिता ने जकार्ता एशियन गेम्स में गोल्ड जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस सफलता के लिए सरकार ने उन्हें 1 करोड़ का पुरस्कार दिया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग से उन्हें गुजरात सरकार में नियुक्त किया गया।